


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना  वर्ष-15, अंक -70  जबलपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026  कीमत-1 रूपया  पृष्ठ-8  संपादक अरुण श्रीवास्तव


## छत्तीसगढ़- वेदांता पावर प्लांट में भीषण हादसा, बॉयलर ट्यूब फटने से 9 मजदूरों की मौत, 40 झुलसे

### पीएम मोदी ने की आर्थिक मदद की घोषणा



सक्ती। (आरएनएस)। सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार को हुए भीषण बॉयलर विस्फोट ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी। अचानक हुए इस हादसे के बाद प्लांट परिसर में आग और धुएं का गुबार फैल गया, जिससे वहां काम कर रहे मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। विस्फोट इतना जोरदार था कि आसपास मौजूद श्रमिक जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

**30 से अधिक मजदूर घायल, कई की हालत गंभीर**

जानकारी के अनुसार हादसे के समय प्लांट में बड़ी संख्या में मजदूर कार्यरत थे। हादसे में करीब 30 से अधिक मजदूरों के घायल होने की सूचना है, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

**प्रशासन और राहत टीम मौके पर, जांच शुरू**

घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंच गई और तत्काल बचाव कार्य शुरू किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विस्फोट के बाद प्लांट में भगदड़ की स्थिति बन गई थी, कई मजदूर झुलस गए, जबकि कुछ को गंभीर चोटें आई हैं।

बचाव दल द्वारा घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। प्रशासन ने घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों की जांच के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की टीम गठित की गई है। प्रारंभिक तौर पर बॉयलर फटना कारण माना जा रहा है, लेकिन विस्तृत जांच के बाद ही वास्तविक वजह सामने आएगी।

**सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल, उच्चस्तरीय जांच की मांग**

इस हादसे ने एक बार फिर औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों और श्रमिक संगठनों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। फिलहाल प्रशासन घायलों के बेहतर उपचार और राहत कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है।

**9 मजदूरों की मौत की पुष्टि, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी**

पुलिस अधीक्षक (स्क) प्रफुल ठाकुर के अनुसार, बॉयलर की ट्यूब फटने की वजह से यह बड़ा हादसा हुआ। इस घटना में अब तक 9 मजदूरों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 20 से अधिक घायल मजदूरों का अस्पताल में इलाज जारी है।

**पावर प्लांट के प्रवक्ता द्वारा जारी आधिकारिक बयान**

14 अप्रैल 2026 की दोपहर हमारे पावर प्लांट के बॉयलर यूनिट में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, जिसमें हमारे सब-कॉन्ट्रैक्टर हृत्तस्रु के कर्मचारी शामिल थे, जो इस यूनिट का संचालन और रखरखाव करते हैं। हमारी तत्काल प्राथमिकता सभी प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सहायता और उपचार सुनिश्चित करना है। हम घायलों को पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे हैं और चिकित्सा टीमों तथा स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार समन्वय में हैं।

हम इस घटना के सभी विवरणों का पता लगाने की प्रक्रिया में हैं और अपने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर एक विस्तृत जांच कर रहे हैं। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं और गहरी सहानुभूति प्रभावित लोगों के परिवारों के साथ हैं।

## सीधी में आंबेडकर जयंती पर बवाल, थाने में तोडफ़ोड़, हालात तनावपूर्ण, पुलिसकर्मियों सहित 1 दर्जन लोग घायल



सीधी.(आरएनएस)। मध्यप्रदेश के सीधी जिले में आंबेडकर जयंती पर जमकर बवाल हो गया. जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र में आंबेडकर जयंती पर निकाली जा रही रैली के दौरान बोलेरो गाड़ी हटाने को लेकर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं का विवाद हुआ था और उसके बाद हालात बिगड़े और विवाद ने बड़ा रूप ले लिया.

देखते ही देखते रैली में शामिल सैकड़ों लोगों की भीड़ उग्र हो गई और तोडफ़ोड़ व मारपीट करते हुए पुलिस थाने में घुस गई और वहां भी तोडफ़ोड़ करते हुए पुलिस वाहन व अन्य वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया. विवाद में जमकर मारपीट हुई है. बताया गया है इस पूरे बवाल में पुलिसकर्मियों सहित एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं. फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण है और एसपी-कलेक्टर मौके पर मौजूद हैं जो स्थिति को काबू में बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं.

आंबेडकर जयंती रैली के दौरान बवाल

अमिलिया थाना क्षेत्र में आंबेडकर जयंती पर रैली निकाली जा रही थी बताया गया है कि इसी दौरान सड़क पर खड़ी एक बोलेरो गाड़ी को हटाने की बात को लेकर रैली में शामिल लोगों का विवाद हो गया. देखते ही देखते विवाद ने बड़ा रूप ले लिया और रैली में शामिल लोग विरोध कर रहे मनी शुक्ला के घर में घुस गए और जमकर मारपीट करते हुए तोडफ़ोड़ की. इस घटना में मनी शुक्ला, रमाकांत शुक्ला, अर्चना शुक्ला और दिव्यांश शुक्ला को चोटें आईं. एक महिला और युवक के सिर पर पत्थर लगने से खून बहा है. मनी शुक्ला के घर में हमला करने के बाद गुस्साई भीड़ अमिलिया थाने पहुंची और वहां मौजूद थाना प्रभारी राकेश बेस व स्टाफ के साथ हाथापाई की. पुलिसकर्मी रामचरित्र पांडे और सतीश तिवारी घायल हुए हैं. उपद्रवियों ने थाना परिसर में पथराव कर कार्यालय और विवेचक कक्ष में तोडफ़ोड़ की है और वहां खड़े पुलिस वाहन के साथ निजी वाहनों में भी तोडफ़ोड़ की है.

बवाल की खबर लगते ही आसपास के थानों से पुलिस बल अमिलिया थाने पहुंचा और कलेक्टर-एसपी भी मौके पर पहुंचे. अधिकारियों के साथ पुलिस बल किसी तरह भीड़ को तितर-बितर कर बाजार में फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति बनाने की अपील की है. हालात फिलहाल तनावपूर्ण बने हुए हैं जिन्हें काबू में करने की पुलिस और प्रशासन कोशिश कर रहा है. घटना में पुलिसकर्मियों सहित एक दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है.

### पीथमपुर में भीषण हादसा

## रामकी एनवायरो कंपनी में ब्लास्ट, 4 मजदूरों की मौत से मचा हड़कंप



इंदौर॰ (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित तारपुरा में रामकी एनवायरो कंपनी में एक भीषण विस्फोट हुआ है। इस दर्दनाक हादसे में प्राथमिक रूप से 4 लोगों की मृत्यु की खबर सामने आई है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है।

## बिहार- सम्राट चौधरी होंगे सीएम, राज्य में पहली बार भाजपा राज, चुने गए बीजेपी विधायक दल के नेता



पटना.(आरएनएस)। बिहार में करीब 20 वर्षों तक बिहार की सत्ता के केंद्र रहे नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है. उनके उत्तराधिकारी के रूप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश दिग्गज सम्राट चौधरी के नाम पर मुहर लगा दी गई है. इसके साथ ही बिहार के इतिहास में पहली बार भाजपा का अपना मुख्यमंत्री राज्य की कमान संभालने जा रहा है. नए मुख्यमंत्री के चयन के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने बेहद सतर्कता बरती. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पर्यवेक्षक बनाकर पटना भेजा गया था. सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में ही आलाकमान ने सम्राट चौधरी के नाम पर अपनी सहमति दे दी थी. पटना में भाजपा कार्यालय में आयोजित विधायक दल की बैठक में निवर्तमान डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने मुख्यमंत्री के तौर पर सम्राट चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा. सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से इस पर अपनी स्वीकृति दी, जिसके बाद शिवराज सिंह चौहान ने औपचारिक घोषणा की.

**नीतीश की विदाई, भावुक हुए कैबिनेट के साथी**

इस्तीफा देने से पहले नीतीश कुमार ने सुबह अपने कार्यकाल की आखिरी कैबिनेट बैठक बुलाई. यह पल काफी भावुक कर देने वाला था जब नीतीश ने अपने साथी मंत्रियों और अधिकारियों के साथ अंतिम फोटो सेशन कराया. दो दशक के लंबे सफर के बाद नीतीश कुमार दोपहर 3 बजे अपने आवास से निकले और लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल सैयद अता हसनैन को अपना त्यागपत्र सौंप दिया. नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को प्रस्तावित है. राज्यपाल सैयद अता हसनैन लोकभवन में सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाएंगे.

### नारी सशक्तिकरण के साहसी और प्रबल समर्थक थे बाबा साहेब-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भीम जन्मभूमि (महू) पहुंचकर बाबा साहेब को अर्पित की पुष्पांजलि

## संविधान निर्माता होने के साथ नए भारत के निर्माता भी हैं बाबा साहेब - मुख्यमंत्री डॉ. यादव





भोपाल -(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्मभूमि पर उनकी जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। बाबा साहेब एक ऐसे युग दृष्टा थे, जिन्होंने एक हजार साल की गुलामी की कठिनाइयों को दूर करने और समाज के अंदर समानता के भाव को विकसित करने के लिए लड़ाई लड़ी थी। बाबा साहेब के योगदान से हम सभी गौरवान्वित होते हैं। हमें उनके बनाए संविधान के अनुसार ही चलना चाहिए। इससे श्रेष्ठ संविधान और कोई नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. अम्बेडकर द्वारा महिला समानता और सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों और उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने बहनों को पिता की संपत्ति में अधिकार दिलाने, तलाक के समय मुआवजा और मातृत्व अवकाश दिलाने के लिए सराहनीय कार्य किया। उन्होंने हमें माताओं-बहनों के लिए %समान काम-समान वेतन का दूरदृष्टि पूर्ण विचार दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को इंदौर के डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) में डॉ. अम्बेडकर की जन्मभूमि परिसर में आयोजित जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब महिला सशक्तिकरण के साहसी और प्रबल समर्थक थे। महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए बाबा साहेब ने अपनी कुर्सी तक छोड़ दी थी। न्यूनतम मजदूरी, कंपनी लॉ और महिला श्रमिकों को अधिकार हमें बाबा साहेब की ही देन है। केन्द्र सरकार संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों पर चलते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 21वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय लेने जा रही है। आने वाले दिनों में लोकसभा में %नारी शक्ति वंदन अधिनियम% को पूर्ण रूप से लागू करने पर चर्चा होगी, इससे माताओं-बहनों को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के कल्याण के लिए डॉ. अम्बेडकर ने जो किया,

### रवीन्द्र भवन में 15 अप्रैल को होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता और उनके लोकतांत्रिक अधिकारों को मिलेंगी नई ऊंचाइयां - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल -(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता और उनके लोकतांत्रिक अधिकारों को नई ऊंचाइयां देने के लिए राज्य सरकार द्वारा ऐतिहासिक पहल की जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पारित %नारी शक्ति वंदन अधिनियम% की मूल भावना को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से प्रदेश भर में 10 से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 15 अप्रैल को शाम 4 बजे रवीन्द्र भवन में राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम होगा। इस दौरान महिला नेतृत्व की यात्रा विषय पर एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जो महिला शक्ति के गौरवशाली इतिहास और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाएगी। इस गरिमामयी समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव शामिल होंगे और शासन व्यवस्था में महिलाओं की प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित करने और नीति-निर्माण की प्रक्रियाओं में उनकी भूमिका को सुदृढ़ करने पर विशेष विमर्श करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर प्रदेश की महिलाओं को संबोधित भी करेंगे और सरकार के उस संकल्प को दोहराएंगे, जिसके तहत मध्यप्रदेश की लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं की आवाज और अधिक मुखर होगी। कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण की दिशा में सक्रिय प्रदेश की अग्रणी महिला नेत्रियां शामिल होंगी। समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा बागरी और श्रीमती राधा सिंह सहित प्रतिष्ठित शिक्षाविद सुश्री शोभा पेठणकर की विशेष रूप से उपस्थिति रहेगी।

## परिजनों ने नरसिंहपुर जिला अस्पताल पर लगाया शव गायब करने का आरोप, बोले- ये हमारे बच्चा नहीं



नरसिंहपुर।(आरएनएस)। मंगलवार की सुबह जिला अस्पताल स्थित शव परीक्षण गृह (पीएम हाउस) उस समय हड़कंप की स्थिति बन गई, जब एक शव को लेकर %गायब% होने की अफवाह फैल गई। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि परिजनों ने पुलिस के सामने ही डीएनए टेस्ट तक की मांग रख दी। करीब 2 घंटे चले हंगामे और समझाइश के बाद मामला तब शांत हुआ, जब पुरानी तस्वीरों और शरीर के निशानों से शव की शिनाख्त पुख्ता की गई।

उल्लेखनीय है कि सोमवार दोपहर मुंगवानी थाना क्षेत्र के डुडवारा स्थित रॉयल ट्रेडर्स फ्लोर मशीन में एक दुखद हादसा हुआ था। गोटेगांव के ग्राम महगुंवा सर्रा निवासी धर्मेंद्र कुशवाहा (43) गेहूं के गहरे टैंक में गिर गए थे। ऊपर से गिरते गेहूं के भारी दबाव और दम घुटने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। सोमवार शाम तक परिजनों के न पहुंचने के कारण शव को पीएम हाउस में रखवा दिया गया था।

शव देखते ही भड़के परिजन

मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू हुई, तो शव को देखते ही कुछ परिजन भड़क गए। उनका दावा था कि यह वह शव नहीं है, जिसे हमने कल शाम देखा था। उनका आरोप था कि पीएम हाउस से शव बदल दिया है या गायब हो गया है।

दरअसल, भीषण गर्मी के कारण रात भर में शव के सिर और शरीर में सूजन आ गई थी, जिससे मृतक का चेहरा काफी बदल गया था। इसी बदलाव ने परिजनों के मन में संदेह पैदा कर दिया। शव परीक्षण गृह के तीनों फ्रीजर खराब होने से शवों को कक्ष में बने प्लेटफार्म में ही रखना पड़ता है, जिससे गर्मी के दिनों में कुछ ही समय में शवों में सड़न की शुरुआत और बदलाव होने लगता है।

चौकी पुलिस ने विवाद कराया शांत

विवाद बढ़ता देख अस्पताल चौकी पुलिस ने मोर्चा संभाला। एक तरफ मृतक का पुत्र और कुछ करीबी कह रहे थे कि शव धर्मेंद्र का ही है। वहीं अन्य रिश्तेदार मानने को तैयार नहीं थे। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने स्पष्ट किया कि पीएम हाउस पूरी तरह सुरक्षित है और शव अदला-बदली की कोई गुंजाइश नहीं है। पुलिस और उपस्थित अन्य लोगों ने सोमवार को खींची गई धर्मेंद्र की फोटो और शरीर के विशिष्ट पहचान चिन्हों का मिलान भी करवाया।परिजनों को समझाया गया कि गर्मी और गैस बनने के कारण शव में स्वाभाविक बदलाव आते हैं। लंबी जद्दोजहद और साक्ष्यों के मिलान के बाद परिजन संतुष्ट हुए। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कर उसे अंतिम संस्कार के लिए ग्राम महगुंवा सर्रा रवाना किया गया।

## मेरे पिता के खिलाफ काम करता है, इतना कहकर भाजपा विधायक की बेटी ने पीड़ित के सिर पर मारे जूते



सागर।(आरएनएस)। देवरी के भाजपा विधायक बृजबिहारी पटेरिया की बेटी पर एक व्यक्ति ने मारपीट का आरोप लगाया है। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पीड़ित राजेश शर्मा निवासी ग्राम जमुनिया ने गौरझामर थाने में लिखित शिकायत दी है। आवेदन के मुताबिक वह जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनीत पटेरिया के साथ रहता है। 13 अप्रैल को वह गौरझामर क्षेत्र के एक बैंक पहुंचा था। बैंक के अंदर एक व्यक्ति ने उसे बताया कि विधायक की बेटी प्रियंका पटेरिया उसे बाहर बुला रही हैं।

पीड़ित का आरोप है कि वह बैंक के बाहर खड़ी सफेद रंग की स्कॉर्पियो के पास पहुंचा, तो प्रियंका पटेरिया ने पहले गाली-गलौज की और फिर जूता उतारकर मारपीट शुरू कर दी। उसने अपनी गलती पूछी तो कहा गया कि वह उनके पिता के खिलाफ काम कर रहा है। बताया जा रहा है कि पूरी घटना बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

थाने में शिकायत

पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत गौरझामर थाने में दी है। पुलिस ने कहा कि आवेदन प्राप्त हो गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित का आरोप है कि मामला प्रभावशाली परिवार से जुड़ा होने के कारण कार्रवाई में देरी हो रही है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पाटन में रात आस्था श्रीवास्तव उम्र 27 वर्ष निवासी आस्था परिसर फेस 2 न्यू रामनगर अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वन परिक्षेत्र कार्यालय में वन रक्षक के पद पर पदस्थ है शाम लगभग 6 बजे अपने साथी वनरक्षक सौरभ केशरवानी के साथ कार्यालय में डियूटी पर उपस्थित होकर शासकीय कार्य कर रही थी तभी कार्यालय के सामने रहने वाला महेन्द्र सिंह ठाकुर उर्फअल्लू ठाकुर निवासी सिविल लाईन पाटन का कार्यालय में आकर उसे एवं उसके साथी केशरवानी को गाली गलोज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया

# क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई, रंगे हाथ दबोचा गया कबाड़ गिरोह, चोरी की कारें काटते आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर। जबलपुर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ने चोरी की कारों को काटकर कबाड़ में बदलने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई अधारताल थाना क्षेत्र के खजरी-खिरिया बायपास पर की गई, जहां लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिल रही थी।



**छापेमारी में सामने आया चौंकाने वाला सच**

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक गैराज में चोरी के वाहनों को काटकर उनके पार्ट्स अलग किए जा रहे हैं। सूचना के आधार पर जब टीम ने छापा मारा, तो मौके पर एक कार आधी कटी हुई हालत में मिली। कार का इंजन और अन्य महत्वपूर्ण हिस्से अलग किए जा चुके थे।

इसके अलावा, एक ट्रक में भारी मात्रा में स्क्रैप लोड मिला, जिसे शहर से बाहर भेजने की तैयारी थी। जांच के दौरान तीन अन्य वाहनों के कटे हुए हिस्से भी बरामद किए गए, जिससे यह साफ हो गया कि यह कोई छोटा मामला नहीं बल्कि एक बड़ा नेटवर्क है।

**आरोपी गिरफ्तार, दस्तावेज नहीं मिले**

इस मामले में पुलिस ने शंकर टोला निवासी शेख आरिफ (37) और छोटी ओमती निवासी अरबाज अली (26) को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ के दौरान आरोपी किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। उनके पास न तो वाहन स्क्रैप करने की अनुमति थी, न ही आरटीओ का अनापत्ति प्रमाण पत्र और न ही वाहन मालिकों की सहमति। केवल कुछ फर्जी रजिस्ट्रेशन कार्ड मिले, जो कानूनी रूप से मान्य नहीं हैं।

**कैसे काम करता था गिरोह**

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरोह बेहद संगठित तरीके से काम कर रहा था। अरबाज अली चोरी या संदिग्ध वाहनों की व्यवस्था करता था। शेख आरिफ अपने गैराज में उन वाहनों को काटकर पार्ट्स अलग करता था।बाद में इन पार्ट्स को कबाड़ के रूप में बेचकर मोटा मुनाफा कमाया जाता था।

यह भी सामने आया है कि कई वाहनों का न तो रिन्यूअल कराया गया था और न ही टैक्स जमा किया गया था, जिससे मामला और गंभीर हो जाता है।

**बड़े नेटवर्क की आशंका**

पुलिस को शक है कि यह गिरोह किसी बड़े वाहन चोरी नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। इसी आधार पर अब अन्य संदिग्धों की तलाश की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।



## बिजली चोरी पर 5 पर केस दर्ज, 8 बकायादारों के कनेक्शन काटे गए, मचा हड़कम्प


जबलपुर. बिजली चोरी और बकाया वसूली पर जबलपुर में विद्युत कंपनी ने सख्त कार्रवाई की है। पाटन संभाग के भिटौनी टाउन में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 5 उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी के मामले दर्ज किए गए और 8 बड़े बकायादारों के कनेक्शन काट दिए गए।

यह अभियान पाटन संभाग के कार्यपालन अभियंता के निर्देश पर सहायक और कनिष्ठ अभियंताओं की संयुक्त टीम ने चलाया। टीम ने घर-घर जाकर बिजली कनेक्शनों की जांच की, जिसमें 5 उपभोक्ता अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए गए। इन सभी के खिलाफ मौके पर ही बिजली चोरी के प्रकरण दर्ज किए गए।

अभियान के तहत उन उपभोक्ताओं पर भी कार्रवाई की गई, जिन्होंने लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं किया था। ऐसे 8 बड़े बकायादारों की बिजली आपूर्ति तत्काल प्रभाव से काट दी गई। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बकाया राशि का भुगतान होने के बाद ही उनके कनेक्शन बहाल किए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्रवाई भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी। वितरण केंद्र प्रभारी रंजन पाण्डेय ने जानकारी दी कि शहपुरा टाउन के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन कर बिजली चोरी करने या बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## जबलपुर ने खोया अपना शब्द-साधक-नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार मोहन शशि

### वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार मोहन शशि का निधन शहर में शोक की लहर



जबलपुर. शहर ने आज अपने एक ऐसे शब्द-साधक को खो दिया, जिसकी लेखनी ने दशकों तक समाज को दिशा देने का कार्य किया. वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार और समाजसेवी मोहन शशि का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई और पत्रकारिता जगत के साथ-साथ सामाजिक व साहित्यिक क्षेत्र में गहरा दुख व्याप्त हो गया. वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और पिछले कुछ समय से उनका स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा था. मोहन शशि को जबलपुर की पत्रकारिता का एक मजबूत स्तंभ माना जाता था. उन्होंने अपने लंबे और समर्पित करियर में कई प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं और अपनी निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितैषी पत्रकारिता के लिए विशेष पहचान बनाई. उनके लेखों में हमेशा सच्चाई की झलक मिलती थी और वे समाज के ज्वलंत मुद्दों को पूरी गंभीरता और ईमानदारी के साथ उठाते थे. यही कारण रहा कि उन्होंने पाठकों के बीच एक अलग ही विश्वास और सम्मान अर्जित किया. एक प्रखर लेखक और विचारक के रूप में मोहन शशि ने सिर्फ खबरें लिखने तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्होंने समाज को जागरूक करने का भी महत्वपूर्ण कार्य किया. उनकी लेखनी में जहां एक ओर तीखी दृष्टि और स्पष्टता थी, वहीं दूसरी ओर समाज के प्रति गहरी संवेदनशीलता भी दिखाई देती थी. उन्होंने शहर के विकास, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सरोकारों को लेकर लगातार लेखन किया और लोगों को सोचने के लिए प्रेरित किया.

## सेन जयंती पर संत सेन जी महाराज के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेनी चाहिए



जबलपुर.- संत सेन जी महाराज एक समग्र समाज सेवी के रूप में जाने जाते है उन्होंने समाज को जीवन भर कुछ दिया है समाज से कुछ नहीं लिया उनकी सेवा भावना से युवा पीढी एवं समाज को प्रेरणा लेनी चाहिए समाजिक एकता से ही राष्ट्र की प्रगति संभव है अनिल उसरेटे ने सेन जयंती पर जानकारी देते बताया कार्यक्रम के प्रथम चरण में बडे महावीर स्थित शिव मंदिर में विराजमान सेन जी महाराज का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ षोडोपचार विधि से पूजन अरचन किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी सीताराम सेन भाई राजू सेन जी,केदार सेन,अनिल उसरेटे उमाकांत सेन, उमेश सेन,महेन्द्र सेन, रामदास सेन आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।

## कटनी-सिंगरौली के बीच ओएचई लाइन टूटी, कई गाड़ियां रात भर प्रभावित

जबलपुर. पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल अतर्गत कटनी-सिंगरौली रेलखंड के गजरा बहरा व सरईग्राम रेलवे स्टेशनों के बीच सोमवार 13 अप्रैल की देर रात अचानक ओएचई लाइन टूट गई, जिससे इस रेलखंड पर रेल संचालन ठप पड़ गया. कई गाडियां जहां-तहां थमी रहीं.

घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की रात को 9 बजे के लगभग एक मालगाड़ी डाउन लाइन से निकल रही थी, जिसके चालक दल व ट्रेन मैनेजर ने देखा कि किलोमीटर 1290-21 पर ओवर हेड इलेक्ट्रिक लाइन (ओएचई) टूट कर गिरी पड़ी है, जिसकी सूचना तत्काल ही समीपी स्टेशनों को दी गई। जिसके बाद अप रेल लाइन पर यातायात रोक दिया गया. बताया जाता है कि इस घटना के दौरान 3 मालगाडियां प्रभावित हुइ हैं.

सुधार कार्य कई घंटों तक चलाघटना के बाद इस रेल खंड पर ओएचई लाइन के सुधार कार्य कई घंटों तक चला और आज 14 अप्रैल मंगलवार की तड़के सुधार कार्य किया जा सका. जिसके बाद कई घंटों बाद अप रेल लाइन पर यातायात बहाल किया जा सका। अचानक ओएचई लाइन कैसे क्षतिग्रस्त हुई है,

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 27 दिनांक - 10/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री देवनारायण सिंह पन्द्राम, पिता श्री बी.एस. पन्द्राम** ने मकान क्रं. एम.आई. जी. 15 पता- सुभाष नगर **वार्ड.75**, **वार्ड 75**, भूतल 850 व.फु. , **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 26 दिनांक - 10/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राम प्रसाद भाट, पिता स्व. श्री हीरालाल भाट** ने मकान क्रं. पी- 365 पता- प्रभात नगर **वार्ड.72**, **वार्ड 72**, भूतल 200 व.फु. कच्चा, **शपथपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 25 दिनांक - 08/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रागिनी दुबे, पति श्री सत्यवान दुबे** ने मकान क्रं. प्लाट नं. 76 पता- साकार तपोभूमि **वार्ड.72**, **वार्ड 72**, कुल क्षेत्रफल प्लाट 1000 व.फु., भूतल जी.एफ. आर.सी.सी. 900 व.फु., प्रथमतल एफ.एफ. आर.सी.सी. 900 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 24 दिनांक - 08/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती वर्षा तिवारी, पति श्री अनिल कुमार तिवारी** ने मकान क्रं. प्लाट नं. 40 पता-मौजा करमेता, वार्ड 73 भगवान परसुराम **वार्ड.73**, **वार्ड 73**, कुल क्षेत्रफल प्लाट 900 व.फु., भूतल जी.एफ. आर.सी.सी. 900 व.फु., प्रथमतल एफ.एफ. आर.सी.सी. 100 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 23 दिनांक - 08/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुषमा सोनी, पति श्री प्रवीण कुमार सोनी** ने मकान क्रं. प्लाट नं. 21 पता- सिल्वर पार्क कालोनी फेस-3 भगवान परसुराम **वार्ड.73**, **वार्ड 73**, कुल क्षेत्रफल 1100 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2026-27 / एम./ Q - 18 दिनांक 13.04.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **काबिज श्री राम बली यादव, पिता स्व. श्री परसारी यादव** ने मकान नं 658 सम्पत्ति पिन नं. 1000619446 **वार्ड कमला नेहरू- 19 वार्ड** , कुल भूतल 660 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2026-27 / एम./ Q - 17 दिनांक 13.04.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री करण खत्री, पिता श्री किशन खत्री,** ने मकान नं 1170/2 सम्पत्ति पिन नं. 1000617823 **वार्ड कमला नेहरू- 19 वार्ड** , कुल क्षेत्रफल 1032 व.फु., भूतल 917 व.फु., प्रथमतल 917 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम/04/ 2026-27 दिनांक 09.04.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **1. श्री अंकित उइके, पिता- अशोक उइके, 2. श्रीमती रीना झारिया, पति श्री अंकित उइके** ने भवन क्रं. खसरा क्रं. 7/28 का भाग पिन क्र. 1003076465 **वार्ड क्र. 70, वार्ड लाला लाजपत राय वार्ड** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी श्री राजू पाण्डे, पिता- जग नारायण पाण्डे, क्षेत्रफल भूमि 900 व.फु., भूतल 681 व.फु., प्रथमतल 681 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, आधार कार्ड** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ **शास.** नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 22 दिनांक - 08/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती गीता चंदोरिया, पति श्री उमेश कुमार चंदोरिया** ने मकान क्रं. ख. नं. 255/2,255/3 पता- प्लाट 14 इन्द्रलोक स्मार्ट सिटी महाराजपुर **वार्ड.75**, **वार्ड 75**, कुल क्षेत्रफल 1200 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 21 दिनांक - 12/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती पूजा गर्ग, पति श्री राहुल कुमार गर्ग** ने मकान क्रं. ख. नं. 332/5 व 332/2 पता- प्लाट 6 (ए ) **वार्ड.75**, **वार्ड 75**, कुल क्षेत्रफल ....... व.फु., भूतल ....... व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 20 दिनांक - 12/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री रविकांत सिंह, पिता- श्री कामेश्वर सिंह** ने मकान क्रं. ख. नं. 278/17 प्लाट पता- कुदुवारी अमखेरा **वार्ड.74**, **वार्ड 74**, कुल क्षेत्रफल 750 व.फु., भूतल 750 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 19 दिनांक - 09/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रानी श्रीवास, पति श्री राजेश श्रीवास** ने मकान क्रं. शारदा नगर पता- शारदा नगर **वार्ड.73**, **वार्ड 73**, कुल क्षेत्रफल 310 व.फु., भूतल 200 व.फु., प्रथमतल 200 व.फु., **दानपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 18 दिनांक - 09/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री रविन्द्र कुमार तेकाम,पिता श्री शंकर लाल तेकाम,** ने मकान क्रं. पी- एच-8 पता- पारस डेवलपर्स ईको सिटी **वार्ड.72**, **वार्ड 72**, कुल क्षेत्रफल 1620 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम/05/ 2026-27 दिनांक 13.04.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती मानसी महापात्रा, पति - सूजय महापात्रा** ने भवन क्रं. खसरा क्रं. 7/235 पिन क्र. 9000218486 **वार्ड क्र. 70, वार्ड लाला लाजपत राय वार्ड** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी श्री शंकर सिंह, पिता स्व. श्री रणजीत सिंह, श्री उमेश सिंह, पिता स्व. श्री रणजीत सिंह, क्षेत्रफल भूमि 1000 व.फु., **विक्रयपत्र, आधार कार्ड** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ **शास.** नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम/08/ 2026-27 दिनांक 13.04.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री हर्षराज, पिता- शंकर साव** ने भवन क्रं. 2698 पिन क्र. 1000599776 **वार्ड क्र. 69, वार्ड चन्द्रशेखर आजाद वार्ड** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी श्री मनोहर चंद कुमार, पिता- मुक्तिनाथ कुमार, भूतल 950 व.फु., प्रथमतल 950 व.फु., **विक्रयपत्र, आधार कार्ड** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ **शास.** नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम/07/ 2026-27 दिनांक 13.04.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **काबिज नीलेश मिश्रा, पति- ललित कुमार मिश्रा** ने भवन क्रं. 4301/ए-1 पिन क्र. 1000699090 **वार्ड क्र. 63, वार्ड शहीद भगत सिंह वार्ड** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी श्रीमती गीता कदम, पति- सुरेश कदम, भूतल 600 व.फु. आर सी .सी.जी.एफ., **नजूल विक्रयपत्र, आधार कार्ड** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ **शास. नजूल भूमि/ भवन** में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक - 10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**



भोपाल -खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अभी तक 2904 स्थानों पर जांच की गई, 4369 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 11 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रदेश के 751 रिटेल आउटलेट ( पेट्रोल पंप ) की जांच कराई गई है। इसमें 1 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत् रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने






विभिन्न वर्गों की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई इंदौर के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं का होगा तेजी से सशक्तिकरण -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रधानमंत्री द्वारा लिया गया निर्णय 21वीं सदी का सबसे अहम फैसला साबित होगा

भोपाल -(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी महिलाओं के हित में लगातार निर्णय लेकर महिलाओं को अधिकार देने के साथ उन्हें सशक्त बना रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर की पहल को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नारी शक्ति को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने का संकल्प लिया है। यह 21वीं शताब्दी का सबसे बड़ा निर्णय है। इस अधिनियम के लागू हो जाने के बाद नारी शक्ति का तेजी से सशक्तिकरण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को इंदौर के परस्पर नगर स्थित लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का पालन करते हुए मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर उनके हित में नया इतिहास लिखा, तो वहीं अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर देवी अहिल्याबाई का शहर है और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जन्मस्थली है। आज हम जिस सभागृह में उपस्थित है वह लता मंगेशकर की स्मृति में बनाया गया है।

**यशोदा माता, पन्नाधाय, अहिल्याबाई और रानी दुर्गावती उत्कृष्ट का व्यक्तित्व अमर**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगर मां-बेटे का संबंध किसी को बताना है तो सिर्फ यशोदा मैया का नाम लेने से कृष्ण-कन्हैया का स्वत- ही स्मरण हो जाता है। यशोदा मैया के प्रण की पराकाष्ठा ऐसी थी कि उन्होंने अपनी संतान के प्राणों की चिंता न करते हुए कन्हैया का लालन-पालन किया। जब तक कन्हैया उनके पास रहे कभी बाल बराबर भी आंच नहीं आने दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पन्ना धाय का उदाहरण देते हुए कहा कि एक मां ने राज परिवार के बच्चे के प्राणों की रक्षा के लिए अपने कलेजे के टुकड़े को आंखों के सामने बलिदान होते देखा। वहीं, इंदौर में सुशासन स्थापित करने वाली लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने प्रजा के हितों की रक्षा के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। जब पेशवा की सेना राज्य पर आक्रमण करने आई तो माता अहिल्याबाई ने सेना तैयार की, जिसका नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया था। उन्होंने अपनी युक्ति और बुद्धि से पेशवाओं को सचेत किया कि बहनों से युद्ध करने पर इतिहास में इसका परिणाम किस प्रकार देखा जाएगा। बहनें कभी हारने वाली नहीं हैं, अगर हार भी गए तो पेशवाओं के माथे पर कलंक लगेगा कि उन्होंने पूरी ताकत से लड़ते हुए राज्य की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाकौशल की रानी दुर्गावती ने अकबर के शासनकाल में 52 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की थी। आखिरी युद्ध में दुश्मन सेना ने तोप का प्रयोग किया। तब रानी ने अपने महावत को आज्ञा पूर्वक खंजर सौंपते हुए कहा कि मैं आखिरी सांस तक युद्ध करूंगी, अगर सेना पराजय की स्थिति में आए तो तुम मेरी जीवन लीला समाप्त कर देना। रानी दुर्गावती ने राज्य की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान कर दिया।

**विपक्षी दल करते हैं वंदेमातरम् का अपमान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह दुर्भाग्य का विषय है कि विपक्षी दल वंदेमातरम् का अपमान कर रहे हैं। इसी प्रकार से राम मंदिर के समय भी समाज को बांटने की कोशिश हुई थी। जब सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को खत्म कर दिया, तब भी विपक्षी दल की सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को पलट दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट के दो निर्णयों को लागू करवाया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक के कलंक से मुक्ति दिलवाई। बदलते दौर के भारत में अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है।

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम से बढ़ेगा बेटियों का मान**

विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ ने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। सनातन संस्कृति में नारी को सदैव ज्ञान, शक्ति और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। पंचायत राज संस्थाओं में आधे स्थानों पर महिलाओं को आरक्षण देने के लिए प्रदेश सरकार धन्यवाद की पात्र है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू होने पर देश की हर बेटी ऐतिहासिक निर्णयों में अपनी भूमिका निभा पाएगी।

**नारियों ने अनोखी मिसाल पेश की**

लता मंगेशकर ऑडोटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मंच पर इंदौर की नारियों ने अनोखी मिसाल पेश की। कार्यक्रम में मंच पर कई वर्गों में कार्य कर रही नारियों ने अपनी सहभागिता की और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ मंच की शोभा बढ़ाई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों में मंत्री, सांसद, विधायक और अधिकारी सब दर्शक दीर्घा में बैठे। कार्यक्रम स्थल पर महिला स्व-सहायता समूह द्वारा विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर महिलाओं द्वारा उत्पादित सामग्री का अवलोकन किया। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास हो जाने के बाद महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ। कार्यक्रम में कला, संस्कृति, उद्यम, साहित्य आदि क्षेत्रों की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सासंद श्री शंकर लालवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, पूर्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री गोलू शुक्ला, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम श्री क्षितिज सिंघल सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ मौजूद रहीं।

---

सबवे ब्रांड के नाम पर ऑन लाइन व्यवसाय में हो रहा नागरिकों का शोषण

# म.प्र. छात्र संगठन ने किया फर्जीवाड़े का पर्दाफाश



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विगत दिनों म.प्र. छात्र संगठन द्वारा नेपियर टाउन जबलपुर हास्पिटल के समीप संचालित एक खाद्य प्रतिष्ठान द्वारा सुनियोजित तरीके से आम जनता के साथ धोखाधड़ी कर निम्न स्तर की सामग्री दी जा रही है । उक्त प्रतिष्ठान ने अपने साइन बोर्ड में नाम एवं उससे संबंधित ब्रांडिंग / सामग्री का उपयोग कर स्वयं को एक अधिकृत फ्रेंचाइजी के रूप में प्रदर्शित किया जा रहा है ज बकि वह कोई वैध प्रतिष्ठान नहीं है । उसके द्वारा ग्राहकों को के नाम पर बिल जारी किये जा रहे हैं, उक्त प्रतिष्ठान ऑन लाइन फूड प्लेटफार्म पर नाम से सूचीबद्ध है जिससे एक ही प्रतिष्ठान विभिन्न नामों का उपयोग कर उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रहा है । प्रतिष्ठान के संचालक संतेज सिंह सेठी द्वारा किया जा रहा है एवं परिसर में के न्यूट्रिशन चार्ट एवं अन्य ब्रांडेड सामग्री प्रदर्शित की गई है, उक्त फर्जीवाड़े का पर्दाफाश म. प्र. छात्र संगठन ने करते हुए पुलिस थाना ओमती में ज्ञापन के माध्यम से किया है एवं पुलिस प्रशासन से उक्त संस्थान पर एफ.आई.आर. दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है । उक्त घटना तब सामने आई जब फूटाताल निवासी श्री आकाश खरे उक्त संस्थान में खाद्य सामग्री खरीदने गये, तत्काल उन्होंने म.प्र. छात्र संगठन के अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय को बताई तब जाकर म.प्र. छात्र संगठन द्वारा उक्त फर्जीवाड़े का पर्दाफाश किया गया । म.प्र. छात्र संघ की इस पहल पर संस्कारधानी के नागरिकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा कर शुभकामनाएं दीं ।

# दूसरों का जीवन बचाकर वंदनीय कार्य करते हैं फायर ब्रिगेड कर्मी - निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा अग्नि शमन दिवस पर आज आपदाओं के दौरान कमर्चारियों के कार्यों और अपनी सूझबूझ से जानमाल की रक्षा से संबंधित कार्यों को करने के लिए सभी कर्मचारियों को कहा कि आप सभी वंदनीय कार्य करते हैं। फायर डे का यह आयोजन नगर निगम चौक स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय परिसर में किया गया जहां अग्नि सैन्य दल के कर्मचारियों ने अग्निहादसों के दौरान अपनाई जाने वाली रणनीति से लेकर अन्य कार्यों को लेकर जानकारी दी। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार की उपस्थिति में आयोजित अग्नि शमन दिवस के कार्यक्रम में दिवगंत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें स्मरण किया गया। निगमायुक्त रामप्रकश अहिरवार ने अग्नि हादसों को नियंत्रित करने फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के प्रयासों और उनके समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि अग्नि शमन दल के कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरों की जान माल की रक्षा करते हैं उनका यह कार्य बेहद सराहनीय है। इस अवसर पर अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, वी एन बाजपेई,फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर, सहायक फायर अधीक्षक राजेन्द्र पटेल एवं अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

आधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन

अग्नि सैन्य दिवस के आयोजन के संबंध में फायर ब्रिगेड अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर ने बताया कि आज के मुख्य कार्यक्रम में फायर ब्रिगेड द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले उपकरणों को भी प्रदर्शित किया गया और उपस्थित जनों को उनकी उपयोगिता की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन एवं सभी वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से फायर कर्मी लगातार शहरहित में कार्य कर रहे हैं और अग्नि हादसों की सूचना मिलते ही उस पर काबू पाने के प्रयास प्रारंभ कर देते हैं।

# 135वें जन्मजयंती पर अजाक्स ने केक काटकर एवं पुलाव वितरण कर मनाया जन्मदिन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स जिला जबलपुर के जिला अध्यक्ष योगेश चौधरी ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि आज विश्व रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के 135वें जन्म जयंती समारोह संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष माननीय अजय सोनकर जी की आतिथ्य में अम्बेडकर चौक स्थित प्रतिमा पर अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में माल्यार्पण किया गया और केक काटने के साथ साथ 51 किलो का वेज पुलाव वितरण करते हुए सभी को बधाई शुभकामनाए प्रेषित की ।

इस अवसर पर अजय सोनकर, राजेन्द्र तेकाम, सुभाष खंडारे,धर्मेंद्र कुकरेले, राकेश समुन्द्रे,दिनेश सोरडे,राजेश जैन, हेमंत उसरेठे,राजकुमार पटेल,रवि कोरी,मथुरा झारिया,शिवकु ?मार पटारिया, कल्याण सिंह धुर्वे,संकेश झारिया, रामशंकर श्रृंगी, सतीश चढ़ार, मूलचंद अहिरवार,भरत लाल अहिरवार,राजू मस्के,रोहित डोंगरे, सुनील चौधरी,दिनेश अहिरवार,एस डी. प्रधान,शिव प्रसाद कोरी,प्रकाश इंगले, डॉ निषेस चौधरी,शेर सिंह, मनोज सिंह, हरिश्चंद्र महोबिया,ललित डह ?रिया, प्रहलाद डहरिया,सुरेश चौधरी, डॉ एन.एस. कुकरेले, अखिल पटारिया,खूबचंद तोमर, चिंतामन ठगेले,महेंद्र जांगड़े, विक्रम भोजक ,जागेश पीपरी, महेश घनघोरिया,सुदीप बागड़ी, कोमल कोरचे, शरद मरावी, नरेश कुलस्ते ,नरेश धुमकेतु, योगी राज इडपाचे, डॉ मनीषा कोल,नरेश मरकाम, गायत्री मरावी, पदमा मरावी, रतन मरकाम. रजनी कुलस्ते , आरती सतनामी, पुष्पलता सिंह, शंकर केराम ,रोहनी मरावी ,शोभना पटले ,कैलाश पन्द्रे, लेखन पन्द्रे ,इन्द्रकुमार कुलस्ते , राजकुमार कुसरे, सुनील रैकवार, एम अप्पाराव, राजेश ग्रानिया,विजय बिहोनिया,बी सत्यनाराण, प्रशांत राव,जशवंत करोसिया, राजधर गोटिया,सुशील परिहार,धनश्याम बिरहा,मुकेश बक्शी, दिनेश बिरहा,नारायण सिरकिया, भानसिह तेकाम,सेख लाल आर्मो, अनिल जोसफ, महेश पारस, प्रीतोष मासोदकर, इंजी. शत्रुन्जय, राजेन्द्र चौधरी, ओ.पी. चौधरी , अर्जुन बर्मन आदि उपस्थित रहे।



## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर किया माल्यार्पण

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अंबेडकर जयंती के अवसर पर रामपुर चौक स्थित उनके तैल चित्र पर शिव सेना द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर पूर्व पार्षद थाड़ेश्वर महावार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

## राष्ट्रहित सर्वोपरि, सामाजिक समरसता के लिए एकजुट होकर करेंगे काम - मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन**

भोपाल -मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को बोर्ड ऑफिस स्थित बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर चौराहे पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 136वीं जयंती पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ. अम्बेडकर का योगदान अविस्मरणीय है, अतुलनीय है। उन्होंने देश में समतामूलक समाज के निर्माण के लिए भारतीय संविधान की रचना कर इसमें सबके अधिकारों की सुरक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा साहेब के सम्मान में पुष्पांजलि कार्यक्रम में मौजूद सबके समक्ष भारतीय संविधान की मूल उद्देश्यिका का वाचन कर डॉ. भीमराव अम्बेडकर अमर रहे%

# एलपीजी की ऑनलाइन बुकिंग 98 फीसदी तक बढ़ी, भारत सरकार की सख्त कार्रवाई के चलते उपभोक्ताओं का भरोसा बढा

नई दिल्ली (आरएनएस)। एलपीजी की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं की सोच में साफ और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है; कमी की चिंता और घबराहट में खरीदारी के बजाए अब आपूर्ति में उनका भरोसा बढ़ा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, भारत सरकार की सख्त कार्रवाई, लगातार आपूर्ति और ज़्यादा पारदर्शिता के चलते उन्हें विश्वास हो गया है कि बिना किसी रूकावट के एलपीजी की आपूर्ति जारी रहेगी। यही कारण है कि उनका व्यवहार अब शांत हो गया है, जो डिजिटल तरीकों के अडॉप्शन में तेजी और जमाखोरी की घटनाओं में आई कमी से साफ जाहिर होता है।

एक राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत, मार्च 2026 से अब तक 1.28 लाख से ज्यादा इंस्पेक्शन किए गए और छापे मारे गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 59,000 से ज्यादा एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए हैं। इन लक्षित कार्रवाइयों का उद्देश्य जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाना, घरेलू एलपीजी के गलत इस्तेमाल को रोकना और वितरण नेटवर्क में पारदर्शिता बढ़ाना है। भारत की एलपीजी वितरण प्रणाली लगातार मज़बूत हो रही है। घरेलू सिलेंडरों की डिलीवरी सामान्य बनी हुई है और कहीं भी सिलेंडर की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है; एक ही दिन में 51 लाख से ज्यादा परिवारों को एलपीजी सिलेंडर मिले हैं। ज़्यादातर डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स रविवार को भी काम कर रही है ताकि बिना किसी रुकावट के आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और उपभोक्ताओं की मांग पूरी होती रहे।

इसके साथ ही, विभिन्न सेगमेन्ट्स में आपूर्ति की स्थिरता बनी हुई है, खाद्य, पॉलिमर और कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों के लिए थोक गैर-घरेलू एलपीजी की आपूर्ति फिर से शुरू कर दी गई है। कच्चे तेल के पर्याप्त भंडार एवं रिफाइनरी के अनुकूल संचालन के चलते 23 मार्च से अब तक 10 लाख से ज्यादा कमर्शियल सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। प्रवर्तन, आपूर्ति और सर्विस डिलीवरी के ये उपाय उपभोक्ताओं की सुरक्षा, सिस्टम अखंडता और देश भर में एलपीजी सिस्टम के प्रति लगातार भरोसा बनाए रखने पर सरकार के फोकस को दर्शाते हैं।।

15 अप्रैल से 4 मई 2026 तक प्रभावी — यात्री एनटीईएस ऐप या पूछताछ केंद्र से प्लेटफॉर्म की जानकारी अवश्य लें

# कोटा जंक्शन प्लेटफॉर्म-1 के पुनर्विकास कार्य हेतु 20 दिवसीय ब्लॉक- गाड़ियों का प्लेटफार्म परिवर्तित, कुछ गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं कुछ गाड़ियों का परिचालन सोगरिया से

कोटा। (आरएनएस) ।कोटा जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 के पुनर्विकास कार्य के अंतर्गत रेल प्रशासन द्वारा 15 अप्रैल 2026 से 04 मई 2026 तक 20 दिवसीय ब्लॉक लिया जा रहा है। इस अवधि में प्लेटफॉर्म नंबर 1 से संचालित होने वाली सभी गाड़ियों को अन्य प्लेटफॉर्मों पर स्थानांतरित किया गया है। साथ ही कुछ गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया गया है तथा कुछ गाड़ियों का आंशिक परिचालन सोगरिया स्टेशन से किया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि यात्रियों की सुविधा और यात्रा में किसी भी असुविधा से बचने के लिए उन्हें अपनी गाड़ी का प्लेटफॉर्म स्टेशन पर लगे डिस्प्ले बोर्ड, पूछताछ काउंटर अथवा एनटीईएस ऐप से अवश्य जाँच लेना चाहिए।

प्रभावित गाड़ियों का विवरण निम्नानुसार है —

1 ⁼ परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियाँ (डायवर्जन) —

(ये गाड़ियाँ कोटा जंक्शन के बजाय गुड़ला-कोटा चंबल केबिन-सोगरिया मार्ग से होकर चलेंगी)1. गाड़ी सं. 14814 — भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस (क्क्क से छ्व) दिनांक 15.04.2026 से 03.05.2026 तक (कुल 19 फेरे) — परिवर्तित मार्ग ⁼ सोगरिया (आगमन ⁼ 02⁼10, प्रस्थान ⁼ 02⁼20)-कोटा चंबल केबिन-गुड़ला होते हुए, कोटा जंक्शन बाईपास।

2. गाड़ी सं. 14813 — जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस (छ्व से क्क्क) दिनांक 15.04.2026 से 04.05.2026 तक (कुल 20 फेरे) — परिवर्तित मार्ग ⁼ गुड़ला-कोटा चंबल केबिन-सोगरिया (आगमन ⁼ 23⁼30, प्रस्थान ⁼ 23⁼40) होते हुए, कोटा जंक्शन बाईपास।

3. गाड़ी सं. 12181 — दयोदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस (छ्क्क से ‹ढ्ढ) दिनांक 15.04.2026 से 03.05.2026 तक (कुल 19 फेरे) — परिवर्तित मार्ग ⁼ सोगरिया (आगमन ⁼ 06⁼35, प्रस्थान ⁼ 06⁼45)-कोटा चंबल केबिन-गुड़ला होते हुए, कोटा जंक्शन बाईपास।

4. गाड़ी सं. 12182 — दयोदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस (‹ढ्ढ से छ्क्क) दिनांक 15.04.2026 से 04.05.2026 तक (कुल 20 फेरे) — परिवर्तित मार्ग ⁼ गुड़ला-कोटा चंबल केबिन-सोगरिया (आगमन ⁼ 21⁼50, प्रस्थान ⁼ 22⁼00) होते हुए, कोटा जंक्शन बाईपास।

2 ⁼ सोगरिया स्टेशन पर आंशिक समापन (शॉर्ट टर्मिनेशन) —

(ये गाड़ियाँ कोटा जंक्शन के बजाय सोगरिया स्टेशन पर समाप्त होंगी)

1. गाड़ी सं. 11604 — बीना-कोटा मेमू एक्सप्रेस (क्ल्ल से चह्ल्ञ) दिनांक 15.04.2026 से 04.05.2026 तक (कुल 20 फेरे) — यह गाड़ी कोटा जंक्शन के स्थान पर सोगरिया स्टेशन पर समाप्त होगी।2. गाड़ी सं. 19812 — इटावा-कोटा एक्सप्रेस (श्व्ञ्ल्ल से चह्ल्ञ) दिनांक 15.04.2026 से 04.05.2026 तक (कुल 20 फेरे) — यह गाड़ी कोटा जंक्शन के स्थान पर सोगरिया स्टेशन पर समाप्त होगी।3. गाड़ी सं. 22984 — इंदौर-कोटा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (ढ्ढह्लक्क से चह्ल्ञ) दिनांक 15.04.2026 से 04.05.2026 तक (कुल 20 फेरे) — यह गाड़ी कोटा जंक्शन के स्थान पर सोगरिया स्टेशन पर समाप्त होगी।



हिंदू धर्म में मां गायत्री को वेदों की जननी, ज्ञान और पवित्रता की देवी माना जाता है। मां गायत्री को वेदों की माता, देवमाता और विश्वमाता के रूप में भी जाना जाता है। मां गायत्री को पांच मुख वाली देवी के रूप में दर्शाया गया है। उनके यह पांच मुख पंचतत्वों का प्रतीक है। मां गायत्री की पूजा करने से व्यक्ति को समृद्धि, ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति होती है। बता दें कि यदि कोई जातक की कोई मनोकामना है, तो उसको पूरा करने के लिए रोजाना गायत्री चालीसा का पाठ करना चाहिए।

## भेदभाव की गुंजाइश

जिन धर्मों में वर्ण व्यवस्था का प्रावधान नहीं है, उन्हें अपनाने के बाद यह अपेक्षा स्वाभाविक रूप से रहती है कि संबंधित व्यक्ति जातिगत पहचान से मुक्त हो जाए और इस आधार पर उससे भेदभाव की गुंजाइश ना रहे।

सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के उस निर्णय पर मुहर लगा दी है कि हिंदू, बौद्ध और सिख धर्म छोड़कर अलावा किसी अन्य महजब को अपना चुका व्यक्ति स्वत: अनुसूचित जाति की श्रेणी से बाहर हो जाता है। आंध्र हाई कोर्ट ने यह फैसला संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश-1950 के तहत दिया था। मामला अनुसूचित जाति के एक व्यक्ति के धर्म बदल कर ईसाई बनने से संबंधित है। हिंदू धर्म के अंदर अनुसूचित जातियों को मिले लाभ एवं संरक्षणों पर धर्मांतरण के बाद भी उस व्यक्ति ने दावा जताया था। मगर भारतीय संविधान के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

संविधान निर्माताओं ने अनुसूचित जातियों के लिए विशेष प्रावधान हिंदू धर्म के अंदर वर्ण व्यवस्था के तहत बरते गए ऐतिहासिक भेदभाव से उन्हें बचाने के लिए किया था। अनुसूचित जाति/ जनजाति अधिनियम भी उसी भावना के अनुरूप है। इस कानून के जरिए जातिगत आधार पर होने वाले भेदभाव या अपमान से दलित जातियों को संरक्षण देने का प्रयास किया गया है।

# भाजपा के लिए परीक्षा वाला चुनाव

अजीत द्विवेदी

चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के चुनाव वैसे तो दोनों सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टियों के साथ साथ मजबूत प्रादेशिक क्षत्रपों और वामपंथी पार्टियों के लिए परीक्षा वाले हैं। लेकिन ये चुनाव खासतौर से भाजपा के लिए परीक्षा वाले इसलिए हैं क्योंकि इनके नतीजों से पता चलेगा कि भाजपा गैर कांग्रेस दलों और प्रादेशिक क्षत्रपों के मुकाबले अपनी चिरंतन कमजोरी से उबर पाई है या नहीं। यह भी पता चलेगा कि क्षेत्रीय और भाषायी अस्मिता वाले राज्यों में भाजपा की अखिल भारतीय राजनीति के दांव पेंच, व्यापक हिंदू ध्रुवीकरण और राष्ट्रवाद की राजनीति कारगर होती है या नहीं। ध्यान रहे इस बार जिन चार राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु व केरल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में, चुनाव हो रहा है, वहां हिंदुत्व बिल्कुल उस रूप में न तो प्रचलित है और न स्वीकार्य है, जिस रूप में भाजपा उसका उत्तर व पश्चिमी भारत में राजनीतिक इस्तेमाल करती है। साथ ही इन राज्यों में राष्ट्रवाद की भावना के साथ साथ उप राष्ट्रीयता की एक बेहद मजबूत अंतरधारा भी हमेशा मौजूद रहती है। इसलिए इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का चुनाव भाजपा के लिए परीक्षा वाला है।

तमिलनाडु को छोड़ दें तो बाकी तीनों बड़े राज्यों में भाजपा अकेले लड़ रही है या गठबंधन की केंद्रीय पार्टी है। सबसे बड़े और सबसे ज्यादा विधानसभा वाले राज्य पश्चिम बंगाल में भाजपा अकेले लड़ रही है। असम में जरूर असम गण परिषद, बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट और यूपीपीएल के साथ भाजपा का तालमेल है लेकिन गठबंधन का नेतृत्व भाजपा कर रही है। 126 सदस्यों की विधानसभा में इस बार वह अकेले बहुमत हासिल करना चाहती है। इससे पहले दो चुनावों से वह बहुमत के आंकड़े यानी 64 सीट से थोड़ा नीचे रूक गई थी। उधर केरल में भी भाजपा ने साबू जैकब की ट्वेंटी20 पार्टी से तालमेल किया है। यह एक ईसाई पहचान वाली पार्टी है। वहां भी भाजपा केंद्रीय ताकत है। तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी अपना मजबूत आधार नहीं बना पा रही है और उसे अन्ना डीएमके के पीछे चलना पड़ रहा है, जिसने लोकसभा चुनाव में भाजपा को छोड़ दिया था। हालांकि बाद में भाजपा फिर उसके साथ जुड़ी। इन राज्यों के चुनाव भाजपा के लिहाज से इसलिए भी बहुत अहम हैं क्योंकि इनसे दक्षिण भारत में भाजपा के विस्तार की संभावनाओं का भी पता चलेगा। धीरे धीरे ही सही लेकिन भाजपा ने कर्नाटक के बाद तेलंगाना में अपना मजबूत आधार बना लिया है। केरल में पिछले चुनाव में उसका वोट प्रतिशत दहाई में पहुंच गया। उसके गठबंधन को 12 फीसदी से ज्यादा वोट मिले, जो लोकसभा चुनाव में और बढ़ा।

बहरहाल, अगले महीने होने वाले चुनावों में भाजपा के लिए सबसे अहम पश्चिम बंगाल का चुनाव है। भारत की राजनीति में एकाध ही प्रादेशिक क्षत्रप हैं, जिनसे भाजपा सीधी लड़ाई लड़ती है और हरा नहीं पाती है। ममता बनर्जी को नरेंद्र मोदी और अमित शाह की भाजपा आज तक नहीं हरा पाई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में जब भाजपा बंगाल में सबसे मजबूत होकर उभरी तब भी ममता बनर्जी की पार्टी को उससे ज्यादा सीटें मिलीं। उसके बाद के चुनाव में तो ममता ने चैलेंज देकर भाजपा को सौ सीट के नीचे रोका। भाजपा को 2021 के चुनाव में 77 सीटें मिलीं। इसकी एक व्याख्या तो यह है कि भाजपा 2016 की तीन सीटों से बढ़ कर 77 पहुंची और दूसरी व्याख्या यह है कि भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव में सौ से ज्यादा सीटों पर मिली बढ़त से घट कर 77 पर रह गई।

जो हो, इस बार नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व वाली भाजपा विधानसभा चुनाव में तीसरी बार ममता बनर्जी के मुकाबले सीधी लड़ाई में उतरेगी। ध्यान रहे तीसरी सीधी लड़ाई में भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को भी हरा दिया था। दिल्ली में 2013 के चुनाव में भाजपा 32 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी थी।

### महिला आरक्षण विधेयक- भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में एक शांत क्रांति

आलोचक अक्सर यह तर्क देते हैं कि आरक्षण स्वत: सशक्तिकरण में परिवर्तित नहीं हो सकता। यह चिंता उचित है, परंतु अधूरी है। लोकतंत्र में हर संरचनात्मक बदलाव—चाहे वह सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार हो या सत्ता का विकेंद्रीकरण—वास्तविकता बनने से पहले विश्वास की एक छलांग की मांग करता है।

महिला आरक्षण विधेयक—औपचारिक रूप से नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023—को अक्सर संख्याओं, कोटा और राजनीतिक गणित के संदर्भ में चर्चा किया जाता है। लेकिन सुर्खियों और विधायी शब्दजाल से परे इसमें एक से अधिक परिवर्तनकारी पहलू निहित है- यह एक शांत तरीके से इस बात को पुनर्परिभाषित कर रहा है कि भारतीय लोकतंत्र कैसा दिख सकता है, जब वह अपनी आधी आबादी के लिए केवल लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि निर्णयकर्ता के रूप में स्थान बनाता है।राजनीतिसकारात्मक दृष्टिकोण से देखें तो यह विधेयक केवल आरक्षण का प्रावधान नहीं है—यह संस्थागत विश्वास का प्रतीक है। यह उस धारणा से बदलाव को दर्शाता है कि महिलाओं को अस्थायी सहारे की आवश्यकता है, और इस स्वीकार्यता की ओर बढ़ता है कि वे शासन व्यवस्था की मूल आधारशिला हैं।

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करके, भारत केवल ऐतिहासिक बहिष्कार को सुधार नहीं रहा है, बल्कि नेतृत्व की परिभाषा को भी विस्तृत कर रहा है।आलोचक अक्सर यह तर्क देते हैं कि आरक्षण स्वत: सशक्तिकरण में परिवर्तित नहीं हो सकता। यह चिंता उचित है, परंतु अधूरी है। लोकतंत्र में हर संरचनात्मक बदलाव—चाहे वह सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार हो या सत्ता का विकेंद्रीकरण—वास्तविकता बनने से पहले विश्वास की एक छलांग की मांग करता है। महिला आरक्षण विधेयक भी इसी लोकतांत्रिक विस्तार की परंपरा का हिस्सा है।

## बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बने सम्राट चौधरी

देश की सबसे बड़ी कार्यकर्ताओं वाली पार्टी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), ने अपनी स्थापना के कई पाने पाच दशकों बाद बिहार में पहली बार अपना मुख्यमंत्री चुना है। सम्राट चौधरी को राज्य का नया मुख्यमंत्री बनाया गया है। बिहार की राजनीति में सम्राट चौधरी अपने मूल नाम से कम और अपने उपनाम सम्राट के नाम से अधिक जाने जाते हैं, जो उन्हें उनके पिता द्वारा दिया गया था। पिछले दो दशकों से नीतीश कुमार राज्य की राजनीति के केंद्र में रहे हैं, लेकिन उनके राज्यसभा में जाने के बाद राजनीतिक समीकरण बदले।

भाजपा के पास सबसे अधिक विधायकों की संख्या होने के कारण पहली बार बिहार में अपने मुख्यमंत्री बनाने का अवसर मिला। सम्राट चौधरी, जो पहले उप मुख्यमंत्री रह चुके हैं, शुरू से ही प्रमुख दावेदारों में सबसे आगे थे।

नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद, जो कभी उनके कट्टर विरोधी रहे थे, वही अब उनकी पसंद बनकर मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए हैं। हालांकि बिहार की सत्ता की कमान अब सम्राट चौधरी के हाथों में है, लेकिन राजनीतिक प्रभाव अभी भी काफी हद तक नीतीश कुमार के पास बना रहेगा। बिहार की राजनीति की जटिलता केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है। भले ही नेतृत्व में बदलाव हो, लेकिन नीतीश कुमार का राजनीतिक प्रभाव और अनुभव राज्य की दिशा को प्रभावित करता रहेगा। ऐसे में किसी भी नए नेतृत्व को उनके साथ समन्वय बनाकर चलना एक अनिवार्य राजनीतिक आवश्यकता होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के चलते बिहार में भाजपा का जनाधार मजबूत हुआ है। सम्राट चौधरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी कि राज्य के विभिन्न वर्गों को साथ लेकर चलना, विकास की गति को तेज करना और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना। बिहार जैसे सामाजिक और आर्थिक रूप से जटिल राज्य में यह कार्य आसान नहीं है। अंतत:, बिहार की जनता केवल राजनीतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि ठोस विकास, सुशासन और स्थिरता की अपेक्षा रखती है। उम्मीद है बिहार के नये मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अपने राजनीतिक अनुभव के आधार पर वे बिहार को एक विकसित और अग्रणी राज्य बनाने में सफल होगे।


**अरविंद रावल**
**गोपाल कॉलोनी, झाबुआ (म.प्र.)**
**मोबाइल- 9340579251**


## आखिर क्यों भगवान श्रीराम ने प्राण से प्यारे लक्ष्मण को दिया था मृत्युदंड?

रामायण, महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित एक प्राचीन भारतीय महाकाव्य है, जिसमें हैरान कर देने वाले कई प्रसंग मिलते हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही प्रसंग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके बारे में कम ही लोग जानते होंगे।

एक दिन मृत्यु के देवता यमराज एक ऋषि का रूप धारण कर श्रीराम जी से मिलने के लिए अयोध्या पहुंचे। वह राम जी से एकांत में बात करना चाहते थे। उन्होंने एक शर्त भी रखी कि हमारी बातचीत के बीच अगर कोई भी आता है, तो उसे मृत्युदंड दिया जाए। तब भगवान राम ने लक्ष्मण को यमराज की शर्त बताते हुए द्वार पर पहरा देने के लिए कहा।

लक्ष्मण ने मजबूरी में यह कदम उठाया। इसी बीच ऋषि दुर्वासा वहां आ पहुंचे, जो अत्यधिक क्रोध और श्राप देने के लिए जाने जाते थे। वह राम जी से शीघ्र ही मिलना चाहते थे। लक्ष्मण ने उन्हें रोकने और समझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने।

### गैस की समस्या को सुलझाने का प्रयास

हरिशंकर व्यास

पहले कुछ तथ्यों की बात कर लें। भारत अपनी जरुरत का 60 फीसदी गैस आयात करता है और 40 फीसदी अपने यहां बनाता है। भारत में जो गैस बनती है उसमें 25 से 28 फीसदी बढ़ोतरी करने के लिए सरकार की ओर से कहा गया है। 25 फीसदी उत्पादन बढ़ने का मतलब है कि भारत 10 फीसदी गैस और बनाने लगेगा। यानी उसके बाद भी 50 फीसदी गैस बाहर से आनी है। दूसरा तथ्य यह है कि भारत में गैस की स्टोरेज क्षमता बहुत कम है। मेंगलुरू और विशाखापत्तनम में दो स्टोरेज फैसिलिटी है, जिसमें 'इंडियन एक्सप्रेस' की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक लाख 40 हजार टन गैस स्टोर करने की सुविधा है। उसी रिपोर्ट के मुताबिक भारत में प्रति दिन की गैस की खपत 80 हजार टन की है। इसका मतलब है कि भारत के पास कायदे से दो दिन की खपत के बराबर भी स्टोरेज नहीं है। तीसरा तथ्य यह है कि भारत में दो सौ से कुछ ज्यादा बोटलिंग प्लांट हैं, जहां गैस के सिलेंडर भरे जाते हैं। वहां भी स्टोरेज की बड़ी सुविधा नहीं है और इन टाइम आपूर्ति यानी तत्काल आपूर्ति की ही व्यवस्था है। इसलिए अगर संकट बढ़ता है, जंग लंबी चलती है और कच्चे तेल व गैस की आपूर्ति प्रभावित होगी। सोचें, कोरोना महामारी के समय जब गैस की कीमतें बढ़ीं उस समय चीन ने तेल और गैस के भंडारण की नई सुविधाएं विकसित की और सस्ता तेल व गैस खरीद कर जमा करना शुरू किया। वह 36 नई फैसिलिटी डेवलप कर रहा है, जहां गैस का भंडारण होगा। इसमें ज्यादातर फैसिलिटी समुद्र तटों पर नहीं है, बल्कि देश के अंदर है। इसी तरह वह सौ अरब गैलन से ज्यादा तेल स्टोर करने की फैसिलिटी विकसित कर रहा है। खैर उससे हमारा क्या मुकाबला? हम तो विश्वगुरू हैं!

अब यही हमलोगों की असली क्षमता की परीक्षा होनी है। अब दुनिया को यह दिखा देना होगा कि भारत विश्वगुरू है। इसके लिए गैस बनाने के नए रास्तों पर अमल शुरू करने का समय आ गया है। जैसे अमेरिका ने चट्टान से तेल निकाल लिया और अफ्रीकी देश डीप सी एक्सप्लोरेशन कर रहे हैं उसी तरह भारत को नालों से गैस बनाने और गाड़ियों के पहिए में भरी हवा से गैस बनाने के तरीके पर व्यापक रूप से अमल शुरू करना चाहिए। इससे भारत को अपनी सारी समस्या का समाधान मिल जाएगा। भारत में तो नाले ही नाले हैं।

## जहां गिरे थे मां सती के केश, जानिए इसका कृष्ण कनेक्शन

वृंदावन का नाम सुनते ही हमारे मन में बांके बिहारी की छवि उभरती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ब्रज की भूमि की रक्षा और यहां की अधिष्ठात्री देवी स्वयं मां कात्यायनी हैं। मां कात्यायनी का यह मंदिर वृंदावन के राधा बाग इलाके में है।

वृंदावन की पावन धरती पर मां कात्यायनी का पावन मंदिर है। यह शक्तिपीठ सिर्फ मंदिर नहीं बल्कि प्रेम और आस्था का केंद्र भी है। यहां पर स्वयं राधा रानी और गोपियों ने तपस्या की थी। वृंदावन का नाम सुनते ही हमारे मन में बांके बिहारी की छवि उभरती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ब्रज की भूमि की रक्षा और यहां की अधिष्ठात्री देवी स्वयं मां कात्यायनी हैं। मां कात्यायनी का यह मंदिर वृंदावन के राधा बाग इलाके में है और यह 51 शक्तिपीठों में से एक है।

## आत्मीयता की अलख जगानें वाले मोहन शशि

### स्मृति शेष -- आ. मोहन शशि जी



आ. मोहन शशि जी के देवलोक गमन का आज मंगलवार अंबेडकर जयंती, कृष्ण पक्ष तिथि द्वादशी पुण्य वैशाख मास 14 अप्रैल 2026 को सूर्योदय पूर्व रात्रि सवा दो बजे अचानक समाचार पढ़ा हतप्रद रह गई।हालकि आ.शशि जी अस्पताल में स्वास्थ लाभ ले रहे थे।सवा ग्यारह बजे चलभाष पर स्वास्थ की जानकारी ली थी तो पता चला कि ठीक हैं।सोचा सुबह मिल आयेंगें, सोचते ही रह गये और आ.शशि जी के महाप्रयाण की जानकारी पढ़नें को मिली।

अब मन में अनें लगा कि दुनियां से जानें वाले जानें चले जातें हैं कहाँ। जो आया है वह जायेगा राजा रंक फकीर । यह तो सच है कि जो आया है वो जायेगा। किंतु सदा के लिये जानें का तरीका भी अलग अलग होता है। कुछ ऐसे चले जाते हैं कि पता ही नहीं चलता सब बेखबर रहते हैं। कुछ ऐसे जाते है कि सभी चिंतित हो जाते हैं, मायूस हो जाते हैं ऐसा लगता है कि इन्हे अभी कुछ समय तक और रहना था। हालाँकि आ. शशि जी नें आयु अच्छी पाई नवासी वर्ष की आयु में बैकुंठधाम विराजे।

आ. मोहन शशि जी का जन्म 01अप्रैल 1937 को हुआ था। आपके पिताजी का नाम श्री काली चरण यादव एवं माता जी का नाम श्रीमति छविरानी यादव था। आपकी विद्यालीन शिक्षा हितकारिणी विद्यालय, जबलपुर से हुई थी। विद्यालीन शिक्षा के साथ ही शशि जी काव्य सृजन की ओर अग्रसर हुए। प्रारंभ में गद्यात्मक कविता सृजन करनें लगे।संस्कारधानी जबलपुर के साहित्यकारों की टोली में शामिल हो गये। वरिष्ठ साहित्य साधकों के बीच उठनें बैठनें लगे। इसके साथ ही आप पत्रकारिता के क्षेत्र में रोजगारोन्मुखी हुए और तत्कालीन भास्कर में साहित्य संपादकीय सेवा से जुड़े। इसके साथ ही आप संस्कारधानी की विभिन्न साहित्यक सांस्कृतिक सामाजिक,कलात्मक संस्थाओं में सक्रिय हुए। संस्थाओं को नया जीवन देकर मार्गदर्शन करते रहे।संस्कारधानी की सर्वाधिक पुरानी संस्था मिलन को पुनरजीवन्त किया और मिलन हीरक जयंती समारोह को संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।हम सभी को बहुत हीआत्मीयता,द्रणता और भावुकता के साथ मिलन संस्था से जोड़ा और संस्कारधानी जबलपुर में भव्य कार्यक्रम करवानें में सफलता हासिल करवाई।मिलन के पछत्तरवें वर्ष पर पछत्तर कार्यक्रम।राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के एक सौ पचास वर्ष की पूर्णता पर सम्पूर्ण वन्देमातरम् समूह गीत गायन प्रतियोगीता महाविद्यालय स्तर पर मिलन के आयोजन की संकल्पना साकार हुई।

आ.मोहन शशि जी अखबार में तो सेवा निवृति के पूर्व तक तो नित्य प्रति कलम चलाते रहे। किंतु इसके अतिरिक्त भी साहित्य सृजन किया और प्रकाशित करवाया। जिनमें प्रमुख हैं सरोज, तलाश एक दाहिने हाथ की, राखी नहीं आई, हत्यारी रात, शक्ति साधना, बेटे से बेटी भली, जागो बंदला,जगे बुंदेली, देश है तो सुनों जान हैं बेटियां आदि काव्य संग्रह प्रकाशित करवाये।मंच से वृहद कविता पाठ। अनेक कवि सम्मेलनों की शान थे आ. मोहन शशि जी। आपके जीवन में उम्र कभी आड़े नहीं आई।

मोहन शशि जी में अत्यधिक आत्म विश्वास,अनुशासन, जीवन जीनें का जोश,बुलन्द आवाज, इमानदारी मेहनत कर्मठता सभी कुछ विशेष था।

आ.शशि जी नें अपने जीवन काल में अनेंक साहित्यिक विदेश यात्रायें भी की थी। जिनमें युगोस्लाबिया, लन्दन, रोम, पेरिस आदि प्रमुख हैं। आपको उत्कृष्ट कार्य हेतु अनेंकअलंकरण, सम्मान पदक, पुरुस्कार,प्रशस्ति पत्र भी प्राप्त हुए।जगतगुरु शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती पत्रकारिता पुरुस्कार,प्रसंग द्वारा श्री स्व. अभिज्ञान कृष्ण त्रिपाठी स्मृति पुरुस्कार प्रासंगिक हैं। संस्कार धानी जबलपुर की बहुत सी शैक्षिक- शिक्षण संस्थाओं में भी सक्रिय होकर मार्ग दर्शन करते रहे।ऐसी दिव्य आत्मा को शत शत नमन!

जीवन के झंझावातों से भी जूझ कर
जीवन के संघर्षो से भी सदा जीतकर
जीवन में तो सदैव आगे आगेबढ़ते रहे
एक हवा का झोंका ले गया उड़ा कर


**डॉ. मुकुल तिवारी**
**पं. बालमुकुंद त्रिपाठी मार्ग, दीक्षितपुरा, जबलपुर, म.प्र.**


## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: मेष राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। आपको किसी समारोह में शामिल होने का मौका मिल सकता है।

वृष राशि: वृष राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आज आपको शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। व्यस्तता होने के बावजूद भी आप फॅमिली के लिए समय निकालेंगे।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर पर अचानक किसी करीबी रिश्तेदार के आने से घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव होंगे।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। यदि आज आप शांतचित्त होकर कार्य करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को कुछ नई उपलब्धियां प्राप्त होंगी, दिन यादगार रहेगा। किसी प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित शुभ समाचार मिल सकता है।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे।

कुंभ राशि: कुंभ राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। किसी भी कार्य में दूसरों से मदद की उम्मीद ना करें तथा अपनी योग्यता पर ही विश्वास रखें,

मीन राशि: मीन राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीत सकता है।



राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से नीतीश कुमार के इस्तीफे पर दुख जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार के इस फैसले के बाद अब बिहार की सत्ता पर गुजरात का राज होगा। मीडिया से बात करते हुए तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार ने राज्य में भारतीय जनता पार्टी के लिए रास्ता खोल दिया है। उन्होंने दावा किया कि जो भी नया मुख्यमंत्री बनेगा, वह जनता की पसंद का चेहरा नहीं होगा।

# हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब : पीएम मोदी

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित %नारी शक्ति वंदन सम्मेलन% को संबोधित करते हुए महिलाओं के सशक्तीकरण को 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि देश एक ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है, जहां महिला शक्ति को समर्पित बड़ा फैसला लिया जाने वाला है। अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय देश में बैसाखी का उत्साह है और कल देश के अलग-अलग हिस्सों में नववर्ष भी मनाया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर जलियांवाला बाग नरसंहार के वीर बलिदानियों को भी श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, देश की विकास यात्रा के इन अहम पड़ावों के बीच भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक लेने जा रहा है। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि यह निर्णय नारी शक्ति को समर्पित है, नारी शक्ति वंदन को समर्पित है।

उन्होंने कहा कि भारत की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। एक ऐसा इतिहास जो अतीत के संकल्पों को साकार करेगा और भविष्य के लक्ष्यों को पूरा करेगा। एक ऐसे भारत की कल्पना, जहां सामाजिक न्याय सिर्फ नारा न होकर कार्यसंस्कृति और निर्णय प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा बने।

प्रधानमंत्री ने बताया कि 16, 17 और 18 अप्रैल के दिन दशकों से चली आ रही महिला आरक्षण की प्रतीक्षा के अंत के रूप में देखे जा रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 2023 में नई संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के रूप में पहला कदम उठाया गया था।उन्होंने कहा कि इस कानून को समय पर लागू करने और लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत बनाने के लिए 16 अप्रैल से संसद के बजट सत्र की विशेष बैठक आयोजित की जा रही है। इस सम्मेलन को उन्होंने देशभर की महिलाओं के आशीर्वाद प्राप्त करने का माध्यम भी बताया।

उन्होंने कहा, मैं यहां किसी को उपदेश देने नहीं आया हूं, मैं सिर्फ देश की महिलाओं का आशीर्वाद लेने आया हूं। उन्होंने देश के कोने-कोने से आई महिलाओं का आभार जताया और कहा कि उनकी भागीदारी इस ऐतिहासिक पहल को और मजबूती देती है।

पीएम मोदी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं को आरक्षण देने की जरूरत दशकों से महसूस की जा रही थी और इस पर करीब चार दशक से चर्चा चल रही है। इसमें सभी राजनीतिक दलों और कई पीढ़ियों के प्रयास शामिल रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2023 में जब यह कानून संसद में लाया गया था, तब सभी दलों ने सर्वसम्मति से इसका समर्थन किया था। उन्होंने बताया कि उस समय विपक्षी दलों ने भी जोर देकर कहा था कि यह प्रावधान हर हाल में 2029 तक लागू होना चाहिए।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने देश की सभी महिलाओं को %नए युग के आगमन% की बधाई दी और कहा कि यह फैसला देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाएगा।

**पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से हटे लोग 2026 के चुनाव में नहीं डाल सकेंगे वोट**

नईदिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बड़ा कदम उठाते हुए पश्चिम बंगाल में उन लोगों को राहत नहीं दी, जिनके नाम विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान काटे गए हैं और उनकी अपील लंबित है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने राज्य में स्ढ्ढक्र को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई के दौरान यह फैसला किया। कोर्ट ने कहा वह उनको मतदान की अनुमति नहीं दे सकता, जिनकी अपील लंबित है।सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, उन्हें वोट देने की अनुमति देने का सवाल ही क्या है? अगर हम इसकी अनुमति देते हैं, तो फिर हमें उन लोगों के मतदान के अधिकार छीनने होंगे जो इसमें शामिल हैं। कोर्ट ने ध्यान दिया कि मतदाता सूची में अपना नाम शामिल न किए जाने को चुनौती देते हुए अपीलीय न्यायाधिकरणों के समक्ष अब तक 34 लाख से अधिक अपीलें दायर की जा चुकी हैं। एसआईआर को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बंदोपाध्याय ने कहा कि बंगाल की जनता न्यायालय की ओर देखती है,




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में एमपी खेल महाकुंभ के समापन समारोह को संबोधित किया।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और रा%य मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने नागपुर में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

# बम का जवाब बंगाल वोट से देगा, डबल इंजन की सरकार बनाएगा: शाह

मयूरेश्वर (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग बम और गोलियों का जवाब वोट से देंगे और विधानसभा चुनाव में भाजपा की डबल इंजन सरकार बनाएंगे.

बीरभूम जिले के मयूरेश्वर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि बीजेपी विधानसभा चुनाव जीतने के बाद राज्य में माफिया राज खत्म कर देगी. उन्होंने कहा, बंगाल के लोगों ने ममता बनर्जी सरकार को अलविदा कहने का फैसला कर लिया है. वे बम और गोलियों का जवाब वोट से देंगे.

मुख्यमंत्री पर राज्य के ज्यादातर समुदाय को डराने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यह विधानसभा चुनाव बंगाल और देश के बाकी हिस्सों से घुसपैठियों को बाहर निकालने के लिए है. शाह ने पूछा, दीदी, हम सदियों से यहां रह रहे हैं. आप हमें डराने वाली कौन होती हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के राज में मुर्शिदाबाद में दंगे हुए, राम नवमी के जुलूस पर हमले हुए और कुछ जगहों पर सरस्वती पूजा नहीं करने दी गई.

यह आरोप लगाते हुए कि पिछले 15 सालों से राज्य पर राज कर रही तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल को बम और गोलियों का गोदाम बना दिया है. गृह मंत्री ने कहा, मैं टीएमसी के गुंडों से कहना चाहता हूं कि वे चुनाव के दिन घर पर रहें, नहीं तो, 4 मई के बाद उन्हें जेल भेज दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त केंद्रीय बल भेजे हैं.

शाह ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर बाड़ लगाने के लिए राज्य में कई जगहों पर सीमा सुरक्षा बल को जमीन नहीं दी है. उन्होंने कहा कि यहां बीजेपी की सरकार बनने के बाद 45 दिनों के अंदर इस काम के लिए जमीन दे दी जाएगी.

शाह ने राज्य की महिलाओं को यह भी भरोसा दिलाया कि अगर बीजेपी यहां सत्ता में आती है तो वे 24 घंटे अपना काम कर पाएंगी. उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार बनने के बाद पश्चिम बंगाल में यूनिफ़ॉर्म सिविल कोड लागू किया जाएगा. इससे यह पक्का होगा कि सभी लोग एक ही कानून और नियमों के तहत आएं.

उन्होंने दावा किया कि हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार ने राज्य के लोगों को केंद्र की भलाई वाली योजनाओं के फ़ायदों से दूर रखा है. उन्होंने कहा, एक बार डबल-इंजन सरकार बनने के बाद केंद्र का पैसा राज्य के लोगों तक पहुंचेगा और महिलाओं, युवाओं और गरीब तबके के लोगों के लिए कई भलाई वाली योजनाएं लागू की जाएंगी.

**मतदाताओं की बायोमेट्रिक और चेहरे की पहचान की मांग करने वाली याचिका दायर, ईसीआई को नोटिस**

नईदिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने मतदान से पहले मतदाताओं की बायोमेट्रिक और चेहरे की पहचान की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। यह याचिका भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दायर की थी, जिस पर सोमवार को भारत के

## अरुणाचल को लेकर भारत की चीन को दो टूक, 'झूठे दावे सच्चाई को नहीं बदल सकते'

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। भारतीय स्थानों को मनगढ़ंत नाम दिए जाने पर विदेश मंत्रालय ने चीन की आलोचना की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भारत, चीन द्वारा भारत की भूमि का हिस्सा बनने वाले स्थानों को मनगढ़ंत नाम देने के किसी भी शरारती प्रयास को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। उन्होंने कहा कि चीन द्वारा झूठे दावे करने और निराधार कथाएं गढ़ने के ऐसे प्रयास इस निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदल सकते कि अरुणाचल प्रदेश सहित ये स्थान और क्षेत्र भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा थे, हैं और हमेशा रहेंगे।

उन्होंने कहा कि चीन की ये कार्रवाइयां भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सामान्य बनाने के चल रहे प्रयासों को बाधित करती हैं। चीन को ऐसे कार्यों से बचना चाहिए जो संबंधों में नकारात्मकता पैदा करते हैं और बेहतर समझ बनाने के प्रयासों को कमजोर करते हैं। आपको बता दें कि 2017 के बाद चीन ने दिसंबर 2021 में 21 स्थानों के नाम बदलने का प्रयास किया। चीन ने अरुणाचल के 11 जिलों जिसमें तवांग से लेकर अंजॉ के स्टैंडर्ड नाम चीनी, तिब्बती और रोमन में जारी किए। हालांकि भारत ने तब चीन के इस कदम को अस्वीकार्य बताया




नई दिल्ली में %नारी शक्ति वंदन सम्मेलन% के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास रा%य मंत्री सावित्री ठाकुर, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर राहटकर।

## हापुड़ में बारातियों से भरी बस और ट्रक की टक्कर में छह की मौत, सात घायल

हापुड ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में हापुड़ जिले के थाना धौलाना क्षेत्र में सोमवार सुबह बारातियों से भरी बस और ट्रक में टक्कर हो गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। गाजियाबाद के डासना से बुलंदशहर के गुलावठी गई एक बारात शादी समारोह के बाद वापस लौट रही थी, तभी कपूरपुर-धौलाना मार्ग पर तेज रफ्तार के कारण बस अनियंत्रित होकर एक हाइड्रा ट्रक से जा टकराई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक अनियंत्रित होकर बस के ऊपर ही पलट गया। इससे बस में सवार यात्री ट्रक के भारी वजन और मलबे के नीचे दब गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े। इस दर्दनाक हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 7 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। एसपी हापुड़ कुंवर ज्ञानंजय सिंह सहित करीब छह थानों की पुलिस फोर्स तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के परखच्चे उड़ गए

# दूरदर्शन के एंकर की राहुल गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणी, भड़की कांग्रेस

नईदिल्ली (आरएनएस)। सरकारी समाचार चैनल दूरदर्शन के एंकर अशोक श्रीवास्तव ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर एक शो के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जिसका विरोध शुरू हो गया है। उन्होंने एक डिबेट कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी दामोदर विनायक सावरकर के जूते की नोंक के बराबर नहीं है। उन्होंने राहुल के खिलाफ भी बयान दिया। इस वीडियो के वायरल होने के बाद कांग्रेस श्रीवास्तव के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रही है।

वीडियो में एंकर श्रीवास्तव टो टूक में भाजपा प्रवक्ता तुहिन सिन्हा, राजनीतिक विश्लेषक सैय्यद जव्वाद, युवा चेतना के रोहित सिंह और समाजवादी पार्टी के अशोक यादव के साथ स्क्रीन साझा कर हैं। तभी श्रीवास्तव कहते हैं, आप सावरकर की जूते की नोंक के बराबर नहीं है। आप उनकी चप्पल में लगी मिट्टी के कण के एक हजारवें हिस्से के बराबर नहीं हैं। राहुल गांधी वीर सावरकर के चप्पल के नीचे लगी धूल के एक कण के बराबर नहीं है।

भारतीय युवा कांग्रेस ने एक्स पर लिखा, भारत के करदाताओं के पैसों से चलने वाले इस सरकारी डीडी न्यूज चैनल पर खुलेआम देश के नेता विपक्ष के लिए बेहद ही अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। सरकारी पत्रकार ने उस लकीर को भी लांघ दिया जिसे लांघने की हिम्मत कोई भाजपाई न दिखा सका। क्या कार्यवाही होगी? बता दें कि पिछले दिनों श्रीवास्तव की बेटी की शादी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे थे।

## लालू यादव को सुप्रीम कोर्ट से झटका,एफआईआर और चार्जशीट रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। पूर्व रेल मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को %लैंड फॉर जॉब% (जमीन के बदले नौकरी) घोटाले में लालू प्रसाद यादव को राहत देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका को खारिज कर दिया।

लालू प्रसाद यादव ने सुप्रीम कोर्ट में सीबीआई की एफआईआर और चार्जशीट रद्द करने की अपील करते हुए याचिका दाखिल की थी। सोमवार को जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एनके सिंह की पीठ ने मामले में सुनवाई की। सभी पक्षों को सुनने के बाद याचिका खारिज कर दी गई। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत में चल रही कार्रवाई के दौरान लालू यादव को व्यक्तिगत पेशी से छूट दी है। आदेश में कहा गया, याचिकाकर्ता को ट्रायल कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दी जाती है। पिछले महीने दिल्ली हाई कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव की याचिका को खारिज किया था।



तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से पहले, तमिलनाडु के पुदुकोट्टई ज़िले में अरंथांगी विधानसभा क्षेत्र की उम्मीदवार कविता श्रीकांत के समर्थन में आयोजित एक जनसभा के दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भीड़ की ओर इशारा करते हुए।



नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर फैक्ट्री कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मी पहरा दे रहे हैं।

# सीएम योगी का टीएमसी पर निशाना, तुष्टिकरण, माफियाराज और कट मनी की राजनीति का बताया प्रतीक

पूर्वी मेदिनीपुर ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल में चुनावी जनसभाओं के दौरान सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए इसे 'तुष्टिकरण, माफियाराज और कट मनी' की राजनीति का प्रतीक बताया। उन्होंने राज्य की कानून-व्यवस्था, सांस्कृतिक पहचान और विकास पर सवाल उठाते हुए परिवर्तन का आह्वान किया।

पश्चिम बंगाल के नंदकुमार और कांथी दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज टीएमसी का मतलब तुष्टिकरण, माफियाराज और कट मनी बन गया है, जिसने राज्य की विकास यात्रा को बाधित किया है। टीएमसी के 'मां-माटी-मानुष' नारे पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में बंगाल में मां असुरक्षित, माटी घुसपैठियों के कब्जे में और मानुष भयभीत है।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य तुष्टिकरण, लूट, अराजकता और राजनीतिक हिंसा जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। मुख्यमंत्री ने बंगाल की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, रवीन्द्रनाथ ठाकुर और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जैसे महापुरुषों को याद किया। उन्होंने कहा कि यही भूमि कभी देश को दिशा देने वाली रही है, लेकिन अब इसकी पहचान संकट में है।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में डेमोग्राफी बदलने के प्रयास हो रहे हैं और अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दिया जा रहा है। मालदा, मुर्शिदाबाद, उत्तर दिनाजपुर, नादिया, बीरभूम और हावड़ा जैसे जिलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सामाजिक संतुलन बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि 2017 से पहले वहां भी अराजकता और दंगों की स्थिति थी, लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'डबल इंजन सरकार' बनने के बाद हालात बदले और अब प्रदेश दंगा व कर्फ्यू मुक्त है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में माफिया और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है और 'बुलडोजर' अवैध गतिविधियों के खिलाफ प्रभावी प्रतीक बनकर उभरा है। उन्होंने दावा किया कि इसी मॉडल को बंगाल में भी लागू किया जा सकता है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना लार्डगंज में सुभाष कुमार उम्र 42 वर्ष निवासी शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक सुपर मार्केट लार्डगंज ने लिखित शिकायत की कि शाखा स्तर पर बैंक के पैनल वैल्यूअर्स के साथ मिलकर, नकली सोना गिरवी रखवाकर गोल्ड लोन प्राप्त करवाने की एक संगठित सुनियोजित आपराधिक धोखाधडी की है। इस धोखाधड़ी में बैंक के पैनल गोल्ड वैल्यूअर्स राजीव सोनी ( फर्म अभिनव ज्वेलर्स ) एवं आशुतोष सराफ की सक्रिय मिलीभगत स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। उक्त दोनों वैल्यूअर्स ने पूर्व नियोजित षड्यंत्र के अंतर्गत, ग्राहकों द्वारा लाए गए





# भारतवासियों के स्वाभिमान को जगाने हुआ खालसा पंथ का सृजन

## अपूर्व उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बैसाखी महापर्व





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) ।खालसा पंथ का 326 वां सृजन दिवस एवं फसलों की कटाई उपरांत मनाया जाने वाला बैसाखी महापर्व नगर के सिख समुदाय द्वारा सामूहिक तौर पर गुरुद्वारा प्रेमनगर मैदान में भव्य कीर्तन दरबार एवं गुरु का लंगर सहित अपूर्व उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। यहां दरबार साहिब अमृतसर स्वर्णमंदिर पंजाब के मशहूर रागी जत्था भाई गगनदीप सिंह एवं साथियों ने ओजस्वी स्वरों में मनोहारी गुरुवाणी शबद कीर्तन खालसा अकाल पुरख की फौज, प्रगटयो खालसा परमातम की मौज卐 तथा 卐सुर नर मुनिजन अमृत खोजते, सो अमृत गुर ते पाया卐 का गायन कर श्रद्धालुओं को रस विभोर किया । वहीं गुरवाणी मीमांसक ज्ञानी सुखविंदर सिंह, लुधियाना, पंजाब ने कहा कि ई. 1699 में दशमेश पिता गुरु गोविंदसिंह जी ने भारतीय संस्कृति, राष्ट्धर्म मानवता और मजलूमों की रक्षा तथा मुगलकाल में डरे सहमे भारतवासियों के सोए हुए स्वाभिमान को जगाने हेतु महान खालसा पंथ का ऐतिहासिक सृजन किया। पंजाब की लोक शैली के ढाड्डी जत्था भाई लव प्रीत सिंह जोश, श्रीअकाल तख्त अमृतसर एवं साजिंदे साथियों ने ओजस्वी सुरों में वीर रस से ओतप्रोत वारे और नज्में 卐हरि सिमर मनाई कालका खंडे की बेला, पीओ पाहुल खंडे धार होय जन्म सुहेला卐 पेश कर जब युद्ध के जीवंत नजारे पेश किए तो उत्साह में जोरदार जयकारे गूंजने लगे, बोले सो निहाल सत श्री अकाल। इस मौके पर पंज प्यारों ने 15 प्राणियों को खंडे बाटे का अमृतपान करवाकर गुरु दीक्षा दी । स्त्री सत्संग प्रेमनगर, रागी जत्था भाई महिंदर पाल सिंह एवं श्री गुरु नानक विद्यालय प्रेमनगर की छात्राओं ने भी शबद कीर्तन पेश किए । लोगों ने परस्पर एक दूसरे को बैसाखी महापर्व की लख लख बधाइयां आदान प्रदान कीं ।इस मौके पर प्रधान साहिब मंजीत सिंह ननडा ने विभिन्न सेवादारों के साथ ही सांसद आशीष दुबे, पूर्व मंत्री हरेन्द्रजीतसिंह बब्बू, आदि को शाल एवं सिरोपा प्रदान कर सम्मानित किया। यहां घंटेभर लंबी कतारों में लगकर हजारों श्रद्धालुओं ने श्री गुरुग्रंथ साहिबजी के समक्ष माथा टेककर मन की मुरादें मांगी। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जसवीर सिंह एवं ज्ञानी रविंदर सिंह ने सरबत के भले की अरदास प्रार्थना के बाद श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का मुखवाक आदेश एवं बैसाख मास की बारहमाहा गुरुवाणी का जाप एवं श्रवण करवाया । हर वर्ग और धर्म के



श्रद्धालुओं ने यहां एक ही पंगत में बैठकर गुरु का लंगर ग्रहण कर सामाजिक समरसता का अनूठा उदाहरण पेश किया । यहां केसरिया थीम पर चित्त आकर्षक भव्य, विशाल पंडाल सजाया गया था ।विभिन्न संस्थाओं द्वारा आईसक्रीम, शरबत, लस्सी, और चाय पुलाव आदि के स्टाल लगाकर सेवा की जा रही थी । दूसरी तरफ श्रद्धालुओं की पादुकाओं और वाहनों हेतु शानदार उल्लेखनीय नि:शुल्क व्यवस्था की चर्चा रही । कार्यक्रम का संचालन महासचिव सुरिंदर सिंह होरा ने किया। प्रधान साहब मंजीत सिंह ननडा ने आभार व्यक्त किया। देर रात आयोजन का सोल्लास समापन हुआ। आयोजन की सफलता में प्रधान साहिब मंजीत सिंह ननडा, चरणजीतसिंह कैला, सुरिंदर सिंह होरा, हरमीत सिंह धंजल, बलजीतसिंह मांगट, अवतर सिंह पलाहा, अजायब सिंह कैबो एवं विभिन्न सेवादारों का उल्लेखनीय योगदान रहा। उपनगरीय क्षेत्र जीसीएफ गुरुद्वारा में भी बैसाखी महापर्व पर आज कीर्तन दरबार एवं गुरु का लंगर का आयोजन किया गया है। प्रधान महेंद्र सिंह नागी एवं प्रबंधक कमेटी ने साध संगत को बधाईयां संप्रेषित की। यहां दरबार साहिब अमृतसर पंजाब के रागी जत्थे भाई गगनदीप सिंह एवं साथियों ने मनोहारी गुरुवाणी कीर्तन के दौरान वैसाखी पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। कथाकार ज्ञानी सुखविंदर सिंह लुधियाना ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना कर वर्णभेद और ऊंचनीच की भावना को तिलांजलि देकर समृद्ध और सशक्त भारतीय समाज की अवधारणा को बल दिया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव परमदीप सिंह मैनी ने किया। इस मौके पर गुरु का लंगर भी वितरित किया गया। गुरसिंघ सभा द्वारा यहां विभिन्न सेवादारों को सिरोपा प्रदान कर सम्मानित किया गया । गोरखपुर में आज- आज 16 अप्रैल को प्रात: 8 बजे से 9 बजे तक गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार गोरखपुर में श्री दरबार साहिब अमृतसर स्वर्णमंदिर पंजाब के हुजूरी रागी जत्था भाई गगनदीप सिंह एवं साजिंदे साथीगण गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश करेंगे । प्रधान साहब रजिंदर सिंह छावड़ा ने साध संगत से उपस्थिति की अपील की है।

## बैसाखी पर्व पर सिख कांग्रेस नेता रहे शामिल



बैसाखी पर्व पर प्रेमनगर गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रम अवसर पर शहर के सिख कांग्रेस नेताओं ने भी माथा टेका एवं गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त किया जिसमें मप्र कांग्रेस कमेटी परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरिंदर सिंह पांधे, लखविंदर सिंह, परविंदर सिंह, जगजीत सिंह सरन, रघबीर सिंह बंसल, गुरजीत सिंह बॉबी, मंजीत सिंह, आदि ने उपस्थित होकर गुरू का लंगर भी चखा एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

## जलिया वाले बाग शहादत दिवस 108 वीं वर्षगांठ को संकल्प के साथ नमन किया गया







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में गठित मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी परिवार प्रकोष्ठ कांग्रेस द्वारा विगत दिनों 13- 04-2026 को प्रकोष्ठ की प्रांतीय बैठक आयोजित की गई। प्रथम चरण में जलिया वाले बाग शहादत दिवस 108 वीं वर्षगांठ को संकल्प के साथ नमन किया गया। मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यालय कार्यालय इंदिरा भवन भोपाल के सभागार में प्रकोष्ठ के विभिन्न अंचलों से आए पदाधिकारियों सदस्यों की उपस्थिति में आयोजन हुआ। समस्त प्रकोष्ठ/ विभाग प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों को प्रकोष्ठ की महत्वता और कांग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुंचने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उनके महासचिव अशोक कुमार सिंधु और बलराज कुमार चौगले द्वारा कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई गई। आगामी प्रस्तावित आयोजनों को उपस्थित सभी पदाधिकारियों के समक्ष विस्तार से रखा । सभी से सुझाव भी लिए गए। अध्यक्ष अजय सीतलानी एवं अर्चना जायसवाल इंदौर ने भी जलियावाले बाग की शहादत पर प्रकाश डाला । मीटिंग में सदस्यों ने अन्य प्रस्ताव प्रस्तुत कर पारित किए जिसमें बलराज कुमार चौगले भोपाल को प्रकोष्ठ का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने हेतु सहमति बनी ।

अध्यक्ष अजय नारायण सीतलानी एवं अशोक कुमार सिंधु ने महेंद्र सिंह चौहान को इसकी जिम्मेदारी सौंपी। कार्यक्रम में जबलपुर से डॉ अरविंद जैन , सतीश मिश्रा ग्वालियर, किशोर राय,शरद दुबे आदि सभी महानुभावों ने उपस्थित सभी को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आभार प्रदर्शन अशोक सोनी भिंड ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ प्रवक्ता दीपक जोशी इंदौर ने किया ।

## संस्कारधानी की शान -मोहन 'शशि' का अवसान



संस्कारधानी जबलपुर के साहित्यिक आकाश का एक और दैदीप्यमान नक्षत्र आज हमारे दृष्टि पथ से ओझल हो गया। वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार और 'मिलन' संस्था के प्राणपुरुष आदरणीय मोहन 'शशि' जी का देवलोक गमन केवल एक व्यक्ति का गमन नहीं, बल्कि एक युग का अवसान है। 1 अप्रैल 1937 को श्री काली चरण यादव जी और श्रीमती छविरानी यादव जी के आँगन में जिस ज्योति ने जन्म लिया था, उसने अपनी आभा से न केवल जबलपुर बल्कि सात समंदर पार तक हिंदी और पत्रकारिता का मान बढ़ाया। उनके विराट व्यक्तित्व को नमन करते हुए ये पंक्तियाँ याद आती हैं-

कलम की लौ कभी बुझती नहीं है, याद रखना तुम,  
वो सूरज है जो ढलकर भी, उजाला छोड़ जाता है।

शशि जी की काव्य यात्रा हितकारिणी विद्यालय से ही प्रारंभ हो गई थी। विद्यालयीन शिक्षा के दौरान ही उनके भीतर का कवि जाग उठा था। शुरुआत गद्यात्मक कविताओं से हुई, लेकिन जल्द ही वे संस्कारधानी के वरिष्ठ साहित्य साधकों की टोली का अभिन्न हिस्सा बन गए। उनका लेखन केवल शौक नहीं, बल्कि समाज को देखने का एक नजरिया था। मोहन शशि जी पत्रकारिता के उस दौर के गवाह थे जहाँ शब्द ही शस्त्र हुआ करते थे। नवभारत और भास्कर में साहित्य संपादकीय सेवा के माध्यम से उन्होंने न जाने कितने नए लेखकों की कलम को तराशा। लेकिन उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि रही 'मिलन' संस्था। मृतप्राय हो चुकी इस ऐतिहासिक संस्था को उन्होंने न केवल पुनर्जीवित किया, बल्कि उसके हीरक जयंती वर्ष पर 75 वें वर्ष पर 75 कार्यक्रम आयोजित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कॉलेज स्तर पर समूह गान प्रतियोगिता का उनका संकल्प आज भी एक बेमिसाल कदम माना जाता है।

उनकी कर्मठता पर यह मुक्तक सटीक बैठता है-

थकन का नाम मत लेना अभी तो हौसला बाकी है,  
सफर लंबा सही पर मंजिलों का सिलसिला बाकी है।  
जिन्होंने उम्र को एक अंक ही समझा हमेशा ही,  
वही कहते हैं दुनिया में बहुत कुछ देखना बाकी है।

शशि जी की कलम कभी रुकी नहीं। उनके काव्य संग्रहों की फेहरिस्त उनकी वैचारिक विविधता को दर्शाती है। 'सरोज', 'तलाश एक दाहिने हाथ की', 'राखी नहीं आई', 'हत्यारी रात', 'शक्ति साधना', 'बेटे से बेटी भली', 'जागो बुंदेला, जगे बुंदेली'और 'देश है तो सुनो जान हैं बेटियाँ' जैसे संग्रह बताते हैं कि वे सामाजिक सरोकारों के प्रति कितने सजग थे। मंच पर जब वे अपनी बुलंद आवाज में कविता पाठ करते थे, तो श्रोता मंत्रमुग्ध हो जाते थे। अनुशासन, ईमानदारी और जोश उनके व्यक्तित्व के पर्याय थे। साहित्यिक यात्राओं के क्रम में उन्होंने यूगोस्लाविया, लंदन, रोम और पेरिस जैसे देशों में भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें जगतगुरु शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती पत्रकारिता पुरस्कार और स्व. अभिज्ञान कृष्ण त्रिपाठी स्मृति पुरस्कार सहित अनगिनत सम्मानों से नवाजा गया। मोहन शशि जी एक ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने उम्र को कभी अपने जुनून के आड़े नहीं आने दिया। वे आत्मीयता और दृढ़ता का अनूठा संगम थे। आज वे हमारे बीच भौतिक रूप से नहीं हैं, लेकिन उनकी रचनाएँ और 'मिलन' जैसी संस्थाएँ हमेशा हमें मार्गदर्शन प्रदान करती रहेंगी।

बिछुड़ा है कुछ इस अदा से कि रुत ही बदल गई,  
इक शख्स सारे शहर को वीरान कर गया।

ऐसी दिव्य आत्मा को कोटि-कोटि नमन और अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि! आपकी स्मृतियाँ सदैव हमारे हृदय में जीवंत रहेंगी।

-मनोज जैन 'मित्र'(स्वामी ज्ञान मेधावी)

## इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी, मध्यप्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष पंडित थारा शर्मा बने



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी द्वारा मध्यप्रदेश संगठन को सशक्त बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

इस क्रम में ग्वालियर के संघर्षशील, कर्मठ एवं जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व पंडित धारा शर्मा को मध्यप्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन को प्रदेश में और अधिक मजबूत करने तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है।इस अवसर पर पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष लीलाधर झारिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का विश्वास व्यक्त किया।


पार्टी नेतृत्व को पूर्ण विश्वास है कि पंडित धारा शर्मा अपने अनुभव, नेतृत्व क्षमता और जनसेवा के प्रति समर्पण से संगठन को नई दिशा और गति प्रदान करेंगे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर किया माल्यार्पण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अंबेडकर जयंती के अवसर पर तहसील चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर समाजवादी विचार मंच द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संयोजक रामरतन यादव, घनश्याम यादव, मनोज वाघमारे, शैलेश लोधी, इंद्र कुमार कुलस्ते, उदयभान कुशवाहा उपस्थित रहे।

## पूर्व पार्षद खेमचंद राय का निधन



जबलपुर- पूर्व पार्षद श्री खेमचंद राय जी मझौली उम्र 65वर्ष का देहांत अचानक हो गया है आप श्री मनोज राय जी पूर्व संभागीय अध्यक्ष म प्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ मझौली के अग्रज,अनिल राय गुड्डू, पप्पू राय के भाई थे अंतिम संस्कार शाम 4बजे मझौली में सम्पन्न हुआ

## साहित्य भास्कर सम्मान नयन को



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वरिष्ठ साहित्यकार शिक्षाविद प्रतिष्ठित कवि प्रसंग संस्था के संस्थापक इंजीनियर विनोद नयन को गत दिवस राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन तिरोड़ी महाराष्ट्र में साहित्य संगम संस्था एवं माइल लिमिटेड तिरोड़ी खान द्वारा आयोजित समारोह में

नयन की 35 वर्षों की साहित्य साधना, उत्कृष्ट काव्य पाठ और संचालन के लिए डॉ राजा करैया साहित्य भास्कर अलंकरण एवं 31 हजार की राशि प्रदान कर अलंकृत किया गया। इस उपलब्धि के लिए संस्कारधानी के गौरव पुत्र नयन को हास्य सम्राट के.के. नायकर, डॉ.मकबूल अली कादरी, बसंत शर्मा, डॉ.रानू रूही, डॉ.विनीता पाण्डेय, इंदु सिंह कंचन, डॉ.विनोद बाजपेई, मथुरा जैन उत्साही,डॉ.मुकुल तिवारी, कृष्णा राजपूत,एडवोकेट तृप्ति त्रिवेदी, डॉ.अंकिता नेमा, डॉ.संध्या पाठक, आकांक्षा दीक्षित, मृगेंद्र नारायण सिंह, डॉ शोभा सिंह, सुशील श्रीवास्तव, डॉ प्रदीप उप्पल, मनोज शुक्ल, ज्योत्सना शर्मा, अर्चना गोस्वामी,डॉ सुनीता गुप्ता, राजेश परोहा, कुंजीलाल चक्रवर्ती, तरुणा खरे, प्रीति नामदेव, डॉ आशा श्रीवास्तव, राधिका सेन,सुभाष मणि बैरागी,प्रकाश सिंह ठाकुर ने अपनी बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की द्वितीय चरण मे इंजीनियर विनोद नयन के कुशल संचालन में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन प्रारंभ हुआ जिसमें देश भर से पधारे कवियों ने शानदार काव्य पाठ किया। अध्यक्षता ख्याति लब्धि कवि दिनेश देहाती ने की।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना अधारताल में प्रवेश सावनकर उम्र 27 वर्ष निवासी निर्भयनगर अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर लगभग 1-30 बजे अपने साथी अमर कामडे एवं सोनू ठाकुर के साथ घर के पास गली में खड़ा था तभी अमित कोरी एवं दिलीप रजक मौटर सायकल में आये दिलीप रजक हाथ में लोहे का पाईप लिये था जो उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो दोनों गाली गलोज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर दिलीप ने पाईप फेंककर मारा जिससे उसकी ऐड़ी में चोट आयी



# निगमायुक्त ने किया स्वच्छता श्रमदान,बाबा साहेब की जयंती पर सर्वोदय नगर में दी श्रद्धांजलि



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के पावन अवसर पर नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने सामाजिक समरसता और सेवा का एक अनूठा उदाहरण पेश किया। रविवार को रानीताल स्थित सर्वोदय नगर बस्ती में आयोजित विशेष कार्यक्रम में निगमायुक्त ने न केवल बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया, बल्कि स्वयं झाड़ू थामकर सफाई श्रमदान अभियान की अगुवाई भी की।

**स्वच्छता का संदेश और जनभागीदारी**

जयंती समारोह के दौरान निगमायुक्त ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब के आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने जोर दिया कि स्वच्छता केवल एक कार्य नहीं, बल्कि एक संस्कार है। इसी कड़ी में उन्होंने सर्वोदय नगर बस्ती में सफाई अभियान चलाया, जिसमें निगम के अमले के साथ स्थानीय निवासियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**रानीताल मुक्तिधाम का निरीक्षण**

श्रमदान के पश्चात निगमायुक्त श्री अहिरवार सीधे रानीताल मुक्तिधाम पहुँचे, जहाँ उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में नियमित स्वच्छता बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए।

**पेयजल और बैठक व्यवस्था**

अंतिम संस्कार में शामिल होने आने वाले परिजनों की सुविधा के लिए पानी और बैठने के इंतजामों को और बेहतर करने की बात कही।

उन्होंने प्रकाश व्यवस्था के लिए शाम के समय पर्याप्त लाइटिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने निर्देश दिए।



# कृषि महोत्सव तहसील स्तर पर आयोजित करने की मांग

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। किसानों को कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए जागरूक करने में कृषि महोत्सव अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है मध्य प्रदेश में उन्नत कृषि महोत्सव मानना कृषि को प्रोत्साहन देना है।

राज्य संभाग जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रम यदि तहसील स्तर पर किए जाएं तो इनका प्रभाव व्यापक हो सकता है और इसका लाभ भी किसानों को अधिक से अधिक मिल सकता है। इस बात की मांग अल्पसंख्यक कांग्रेस नेता सरदार दलवीर सिंह जस्सल, सुमन कुमार जैन ने अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम के माध्यम से राज्य सरकार व जिला प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि उन्नत कृषि महोत्सव आयोजित किए जाने की मांग की है, इससे अधिक से अधिक संख्या में किसान और आमजन सीधे जुड़ पाएंगे और योजनाओं की जानकारी जमीनी स्तर तक पहुंचेगी। तहसील स्तर पर ऐसे आयोजन होने से पंचायत को भी सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा और स्थानीय समस्याओं व नवाचारों को मंच प्राप्त होगा साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान जैसे कार्यक्रमों की पहुंच बढ़ेगी जिससे जल संरक्षण , वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता भी मजबूत होगी इस प्रकार स्थानीय स्तर पर भागीदारी से किसानों की आय और जीवन स्तर में वास्तविक रूप से सुधार संभव हो सकेगा।




# अंबेडकर जयंती पर संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने दी पुष्पांजलि

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा की और से उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मोर्चा के रामरतन यादव, बैजनाथ कुशवाहा, घनश्याम यादव, जितेंद्र यादव, अशोक यादव, जसवीर सिंह जससल, सुमन जैन, एड.हाजी अयाज खान, श्याम सोलंकी, अनिल गुप्ता, अतुल जोसेफ, राजकुमार जैन मामा, शाकिर कुरैशी, दिलावर खान, हाजी हमीद खान, एड.शफीक खान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पशुपालन कर्मचारी का हुआ सम्मेलन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के प्रांतीय एवं संभागीय पदाधिकारियों का प्रदेश व्यापी सम्मेलन व चिंतन बैठक सम्पन्न हुई। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुहेल अनवर खान ने बताया कि इस अवसर पर समिति की अधिकृत बेबसाईट का शुभारम्भ प्रदेश अध्यक्ष सचिन शर्मा, आर.के. बघेल एवं धर्मेन्द्र सिंह द्वारा करके अपने संबोधन में संगठन में एकजुटता बनाये रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए सदस्यता अभियान को व्यापक बनाने पर जोर दिया।



बैंठक का आयोजन तीन चरणों किया गया। कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु समस्त जिलाध्यक्षों को जबावदारी सौंपी गई, साथ ही पी.पी.एल. 2026 का अद्वितीय आयोजन किये जाने पर सागर से पधारी आयोजन समिति के सदस्यों गगन लड़िया, आयुष बाजपेयी, शशिकांत चौरसिया, अमित बोहरे का सम्मान विनय मेहरा, रामेन्द्र कुशवाहा, कु. पारूल सोनी, ज्ञानेन्द्र सिह, अर्पित खत्री, गुलशन पिंगलम के द्वारा किया गया ।

द्वितीय चरण में ऑन लाईन सदस्यता अभियान शुरू किया गया, जिसमें 453 सदस्यों नें सदस्यता गृहण की पी0पी0एल0 2027 में खेलो के दिन बढाने पर विचार किया गया। तृतीय चरण में समिति की पत्रिका '' अविरल धारा'' के प्रकाशन हेतु प्रदेश के समस्त कर्मचारियों से अपनी प्रविष्टियां आंमत्रित की गई।

चौथे चरण में नवनियुक्त प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्यों नरेन्द्र सिंह सेंगर उज्जैन, सुहेल अनवर खान जबलपुर, कमलेश कुमार कोरी टीकमगढ़, ममता अहिरवार छतरपुर, बलराम सिंह ठाकुर सागर, सोमनाथ सोनी जबलपुर, विकास श्रीवास्तव सागर, प्रभा साह दमोह, ओ पी शिवहरे ग्वालियर, सनत मिश्रा रीवा, जयंत शुक्ला बड़वानी, अरविंद कमलेशिया बालाघाट, विशाल वर्मा बुरहानपुर, बेताव पाल ग्वालियर का स्वागत भूपेन्द्र सिहं चौहान, संदीप त्रिपाठी, श्याम ध्रुवे, माया धारपुरे, कांति मर्सकोले, बाल्मीक अहिरे, धीरज शर्मा, आर.के. बंसोड़, अनेश भारती, दिव्यांश अग्नीहोत्री निरंजन नामदेव, पौराणिक के द्वारा किया गया । कार्यक्रम समापन पर प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सुहेल अनवर खान द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# श्रीकान्त साहू बने मप्र तैलिक साहू सभा राजनैतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश साहू भोपाल की सहमति से राजनैतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री ताराचंद साहू बाड़ी द्वारा युवा नेता समाजसेवी श्रीकान्त साहू को मप्र तैलिक साहू महासभा राजनैतिक प्रकोष्ठ जबलपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है।

मप्र साहू समाज राजनैतिक प्रकोष्ठ में श्रीकान्त साहू को जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर साहू समाज मप्र एवं साहू समाज जबलपुर द्वारा शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।


**कमोडिटी वाइज फ्रेट लोडिंग क्लिंकर में 30 प्रतिशत एवं फ़ूडग्रेन में 27 प्रतिशत अधिक माल लदान शामिल**

# पश्चिम मध्य रेल की बड़ी उपलब्धि- वित्तीय वर्ष 2025-26 में फ्रेट लोडिंग में 10 प्रतिशत और राजस्व में 15 प्रतिशत की शानदार वृद्धि

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेल ने महाप्रबंधक के कुशल मार्गदर्शन और निरंतर मॉनिटरिंग के फलस्वरूप वित्तीय वर्ष 2025-26 में माल लदान के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वाणिज्य और परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मंडलों में कमोडिटी वाइज फ्रेट लोडिंग को बढ़ाने के लिए किए गए निरंतर प्रयासों के सुखद परिणाम सामने आए हैं। पश्चिम मध्य रेलवे ने इस अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गुड्स ट्रैफिक से कुल 58.07 मिलियन टन फ्रेट लोडिंग की है, जिससे रेलवे को 6079 करोड़ 50 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 की समान अवधि से तुलना की जाए, तो पश्चिम मध्य रेल ने गुड्स ट्रैफिक में 10 प्रतिशत और रेल राजस्व में 15 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की है। माल लदान की विभिन्न श्रेणियों में रेलवे ने उल्लेखनीय सुधार किया है, जिसमें क्लिंकर और खाद्यान्न (फूडग्रेन) का प्रदर्शन सबसे अग्रणी रहा है। विभिन्न कमोडिटी के आंकड़ों पर नज़र डालें तो क्लिंकर लदान में रेलवे ने 30.43 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की है। इस वर्ष 11.09 मिलियन टन क्लिंकर का लदान किया गया, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 08.51 मिलियन टन था। इसी प्रकार, खाद्यान्न (फूडग्रेन) के क्षेत्र में भी रेलवे ने शानदार प्रगति की है। पिछले वर्ष के 03.66 मिलियन टन की तुलना में इस वर्ष 04.65 मिलियन टन लदान हुआ, जो कि 27.02 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। ऊर्जा क्षेत्र की जीवनरेखा माने जाने वाले कोयला (कोल) लदान में भी 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस वर्ष कुल 14.52 मिलियन टन कोयले का लदान किया गया, जो पिछले वर्ष 12.03 मिलियन टन था। इसके अतिरिक्त, पीओएल (पेट्रोलियम, ऑयल एवं लुब्रिकेंट) लदान में 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 0.90 मिलियन टन और कंटेनर लदान में 1 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 1.12 मिलियन टन माल का परिवहन किया गया। पश्चिम मध्य रेल प्रशासन द्वारा माल लदान और रेल राजस्व की इस उत्तरोत्तर वृद्धि को बनाए रखने के लिए भविष्य में भी रणनीतिक प्रयास और व्यापारिक समन्वय जारी रखा जाएगा।

# बांग्ला नववर्ष पहली वैशाख की शुभकामनायें - राकेश सिंह



जबलपुर - लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने सभी बंग भाषियो भाई बहिनों को बँग्ला नववर्ष %पहली वैशाख% की शुभकामनाएं देते हुए कहा बंग समाज ने न केवल भारत की सांस्कृतिक समृद्धि में योगदान दिया है, बल्कि अपने विचारों, कला और संघर्षों से भारतीय समाज को आधुनिक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बंगाली समाज सांस्कृतिक, बौद्धिक , आध्यात्मिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है, श्री सिंह ने 15 अप्रैल बांग्ला नव वर्ष 1433 पहली वैशाख की सभी बंग भाषियों को शुभकामनाएँ एवं बधाई देते हुए ईश्वर एवं माँ काली से कामना है कि है यह बंग नववर्ष सभी के लिए मंगलमय हो

# भारत को महाशक्ति बनने से कोई रोक नहीं सकेगा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर आदर्श क्रांति संगठन ने राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह की शहादत स्थल गोंडवाना चौक में उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण कर याद किया। बाबा साहब ने कहा था की मंदिर जाने वाले लोगों की लंबी कतारे अगर पुस्तकालय की ओर बढ़ेगी तो उस दिन भारत को महा शक्ति बनने से कोई रोक नहीं सकेगा, पढ़ा लिखा व्यक्ति अपने समाज को अंधविश्वास एवं अज्ञानता के दलदल से बाहर ना निकल पाए तो उसके शिक्षित होने का और उसकी शिक्षा का कोई अर्थ नहीं। इस अवसर पर आदर्श क्रांति संगठन के संयोजक सरमन रजक, विवेक अवस्थी, अधिवक्ता सुधीर शर्मा, डी एल पोर्चे, एडवोकेट राजेंद्र गुप्ता, नरेश चक्रवर्ती, पूर्व विधायक नन्हे लाल धुर्वे, संजू भोजक, जैसवी धुर्वे, राजेश पराग, गया प्रसाद धुर्वे, एडवोकेट अनुराग सिंह, अनिल परस्ते, अतुल गुप्ता, दीपक ठाकुर, शरण कुमार चोहटेल, सुनील तिवारी, एडवोकेट अभिषेक शुक्ला, गगन प्रजापति, एडवोकेट सतीश कोरी, पवन सैयाम, दिलीप रैकवार, मुकुल यादव, नम्रता टेकाम, आकाश यादव, बाल सिंग माराबी, वीरेंद्र टेकाम उपस्थित रहे।

# संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जयंती मनाई गई



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। परमात्मन सेन समाज सेवा समिति एवं क्षत्रिय नंदवंशी सेन न्यायी समाज के तत्वावधान में संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726 वीं जयंती के उपलक्ष्य में शांतम प्रज्ञा आश्रम में पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत शिरोमणि सेन जी महाराज की प्रतिमा, श्री राम दरबार एवं हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित कर पंडित कांत तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रो के साथ सुंदरकाण्ड का प्रारम्भ किया सभी सदस्यों द्वारा श्री राम स्तुति, श्री हनुमान चालीसा का पाठ एवं भजन, हवन,आरती कर पूजन किया गया, साथ ही परमात्मन सेन समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार सेन ने संत सेन महाराज के भक्ति पूर्ण जीवन एवं सेन समाज के गौरवपूर्ण इतिहास के विषय में बताया, साथ ही सभी को श्रीराम लेखन पुस्तिका, श्री हनुमान चालीसा एवं प्रसाद का वितरण कर सभी की सुख, समृद्धि, शांति, समरसता की प्रार्थना की। इस अवसर पर दिलीप श्रीवास, छगन लाल सेन, राकेश सेन, अनिल सेन, यश रंजन श्रीवास, भविष्य श्रीवास, विवेक सेन, विकास सेन अन्य उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब का 135 वा जन्मोत्सव मनाया गया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत रत्न डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी का 135 वा जन्मोत्सव आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ अबॉक्स द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर अबॉक्स के प्रदेश अध्यक्ष देवेश कुमार चौधरी, एड तेजकुमार, भगत,एड तरुण रोहितास, शिवनाथ चौधरी आलम, वीरेंद्र सिंह परस्ते, शिवकुमार गोटिया, डॉ बी एल झारिया, कमलेश धापोडकर, शुभम् चौधरी, महेश अहिरवार, उमेश मेहरा, सोनेलाल उरेती, सी एस सिरसाठ, दिनेश चौधरी, परमेंद्र धुर्वे, जीवनलाल जाटव, डेनियल इब्राहिम, सीताराम पटेल, राजकुमार सिंह, दीपक चौधरी, शैलेश रजक, नत्थू लाल सतनामी, लखन चौधरी, राजेश अहिरवार, सुनील चौधरी,अमित साहू आदि उपस्थित रहे।

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से माँ रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिन्टर्स, तथा 68/1, लक्ष्मीपुर विवेकानन्द वार्ड, मुश्कान प्लाजा के पीछे, एम.आर.-4 रोड, उखरी जबलपुर म.प्र. से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 सांठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। भोपाल मो.नं. 7879652007, जबलपुर मो.नं.9300696096

नारी शक्ति नेतृत्व का नवयुग



# 'नारी शक्ति वंदन' सम्मेलन

15 अप्रैल, 2026 | रवीन्द्र भवन, भोपाल

## मुख्य अतिथि

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

" प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण सुनिश्चित करने वाला **'नारी शक्ति वंदन अधिनियम'** नारी शक्ति के सम्मान, स्वाभिमान और सशक्त भविष्य का ऐतिहासिक संकल्प है। इस युगांतरकारी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री जी का हृदय से **अभिनंदन एवं आभार** "



**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D-11006/26

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

*सशक्त नारी, सशक्त देश*

**राज्य स्तरीय नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा**
**(10 -25 अप्रैल 2026)**

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP